दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
15th Anniversary नव प्रदेश

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 08 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-सप्तमीं, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 02 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक अखबार 'नवप्रदेश' ने शनिवार को अपना 15वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। यह महज एक अखबार की सालगिरह नहीं, बल्कि निष्पक्ष पत्रकारिता, जन-विश्वास और सामाजिक सरोकारों की उस लंबी यात्रा का उमंग और जश्न रहा, जो पिछले डेढ़ दशक से निरंतर जारी है। स्थापना दिवस पर नवप्रदेश के प्रधान कार्यालय रायपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सलाहकार आर. कृष्णा दास, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, सर्व समाज के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू), भाजपा-कांग्रेस के नेता, साहित्यकार, मीडिया जगत के ख्यातिलब्ध पत्रकार सहित प्रदेश के नामचीन लोगों ने कार्यालय पहुंचकर प्रधान संपादक यशवंत धोटे सहित नवप्रदेश परिवार को बधाई दी।

आज बेबाक

नये नये नारे बनाने के मामले में कांग्रेस अन्य पार्टियों से मीलो आगे है। कांग्रेस में एक से बढ़कर एक धुरंधर है। जो दिलचस्प नारे गढ़ने की कला में पारंगत है। आराम हराम है, दूर दृष्टि पक्का इरादा और गरीबी हटाओं से लेकर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान, लड़की हूं लड़ सकती हूं और वोट चोर गद्दी छोड़ तक अनगिनत नारों की जनक कांग्रेस ने एक नया नारा जना है - जो उचित समझो वही करो। ऐसा लगता है कि एक नाराजीवी पार्टी के रूप में कांग्रेस गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर ही दम लेगी।

न्यूज गैलरी

हमले में आठ बच्चे समेत 24 की मौत

खार्तूम/एजेंसी। सूडान में पिछले तीन साल से जारी गृह युद्ध के चलते देश में मानवीय संकट और ज्यादा गहरा होता जा रहा है। सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच जारी संघर्ष ने सूडान के नॉर्थ कोर्डोफान प्रांत के रहाद के पास शनिवार को एक ड्रोन हमले में कम से कम 24 लोग मारे गए, जिनमें आठ बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला देश के कुख्यात पैरा-मिलिट्री समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने किया।

रितु बीएमसी महापौर पद की उम्मीदवार

मुंबई/नवप्रदेश। मुंबई में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए भाजपा और शिवसेना ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। बीजेपी की रितु तवाड़े ने शनिवार को महापौर पद के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। तवाड़े और घाड़ी ने नगर निगम सचिवालय में नामांकन दाखिल किया।

जनजातीय संस्कृति और विरासत का संरक्षण बस्तर पंडुम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ

बस्तर में समाप्त हुआ अविश्वास और भय का रास्ता, लौट रही शांतिः राष्ट्रपति मुर्मु

खास बातें

- बस्तर की सुंदरता देखकर लगता है मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया
- जिंदगी जीने का तरीका देशवासी बस्तर के निवासियों से सीख सकते हैं

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर की सुंदरता को देखकर लगता है कि मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया है। मौसम बदलने के साथ प्रकृति मानो करवट लेती है और यहां के लोग उत्सव मनाते हैं। जब इस ऊर्वर धरती में किसान बीज छिड़कते हैं, तब यह पंडुम होता है। जब आम का मौसम आता है, तब यह पंडुम होता है। बस्तर के लोग जीवन को उत्सव के रूप में जीते हैं। जीवन जीने का यह तरीका सभी देशवासी बस्तर के निवासियों से सीख सकते हैं।

उक्त बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर पंडुम के शुभारंभ अवसर पर कही। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि बस्तर की सुंदरता और यहां की संस्कृति हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है, लेकिन दुर्भाग्य से चार दशकों तक यह क्षेत्र माओवाद से ग्रस्त रहा। इस कारण यहां के निवासियों ने अनेक कष्ट झेले। सबसे ज्यादा नुकसान यहां के युवाओं, आदिवासियों और दलित भाई-बहनों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जनजातीय संस्कृति की झलक देशभर ने देखी

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर की जनजातीय संस्कृति की झलक देशभर के लोगों ने देखी थी। मुझे बताया गया है इस वर्ष के पंडुम में पचास हजार से अधिक लोगों द्वारा जनजातीय संस्कृति तथा जीवन-शैली से जुड़े अनेक प्रदर्शन किए जाएंगे। बस्तर की जनजातीय संस्कृति से देशवासियों को अवगत कराने के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए मैं छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना करती हूं।

बस्तर में अकूत प्राकृतिक संपदा

बस्तर में अकूक प्राकृतिक सम्पदा है। यहां के लोग लगनशील तथा मेहनती हैं। मैं इस क्षेत्र के सभी लोगों से अपील करती हूं कि वो राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी और विकास योजनाओं का लाभ उठाएँ। आपकी प्रगति और खुशहाली राज्य की प्रगति और विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है। मुझे विश्वास है कि आप सब 'जय जय छत्तीसगढ़ महतारी' की भावना के साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

संविधान और लोकतंत्र पर आस्था रखें

मैं हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे सभी लोगों की सराहना करती हूं। मेरा उनसे अनुरोध है कि देश के संविधान और लोकतन्त्र में वे पूरी आस्था रखें। बस आपको इस व्यवस्था में विश्वास रखते हुए मेहनत व लगन से आगे बढ़ना है। यह लोकतन्त्र की ताकत ही है कि ओड़िशा के एक छोटे से गांव की यह बेटी, भारत की राष्ट्रपति के रूप में आपको संबोधित कर रही है। आप भी लोकतंत्र में विश्वास रखें।

राष्ट्रपित बोलीं- छत्तीसगढ़ आने पर मुझे अपने घर जैसा अहसास हो रहा

बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े 'बस्तर पंडुम' महोत्सव में आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। मां दंतेश्वरी के इस पुण्य क्षेत्र में आने का अवसर मिलना मैं अपना सौभाग्य मानती हूं। मैं जब भी छत्तीसगढ़ आती हूं, मुझे लगता है कि मैं अपने घर आई हूं। यहां के लोगों से जो अपनत्व और स्नेह मुझे मिलता है, वह मेरे लिए अनमोल है। यह ऐसे कई नायकों की धरती है, जिन्होंने भारत भूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मैं ऐसे सभी सपूतों की स्मृति में सादर नमन करती हूं।

अमित शाह के दौरे से पहले 51 नक्सलियों का सरेंडर

- सुकमा में 21 और बीजापुर जिले में 30 माओवादियों का सरेंडर
- दोनों जिलों में सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर कुल 1.56 करोड़ रुपये का इनाम

सुकमा-बीजापुर/ नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से माओवादी गतिविधियों में शामिल रहे 21 सशस्त्र नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ते हुए सरेंडर कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। सरेंडर करने वाले माओवादियों पर कुल 76 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें कई नक्सली बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं।

वहीं बीजापुर जिले में 30 माओवादी कैडरों ने 'पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया है। माओवादियों ने यह सरेंडर बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज, सीआरपीएफ डीआईजी आनंद राजपुरोहित और सुकमा एसपी किरण चव्हाण के सामने किया है। सरेंडर के दौरान माओवादियों ने एके-47, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुशासन की नीति का प्रभावः साय

बीजापुर जिले में 30 माओवादी कैडरों ने 'पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। इन पर 85 लाख से अधिक का इनाम घोषित था। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि यह बस्तर में शांति, विश्वास और विकास की दिशा में हमारी निरंतर कोशिशों का सकारात्मक परिणाम है। यह सुशासन की नीति की प्रभावशीलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प और राज्य सरकार के सतत प्रयासों से बस्तर तेजी से विकसित बस्तर की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ दौरे पर आए गृहमंत्री अमित शाह

- सीएम विष्णुदेव साय ने स्वामी विवेकानंद विमानतल पर किया आत्मीय स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर आए। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पांडेय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर महापौर मीनल चौबे, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक राजेश मूणत, मुख्य सचिव विकास शील, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव (गृह) मनोज पिंगुआ तथा रायपुर पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला उपस्थित रहे।

नक्सल मुद्दे पर लेंगे हाई लेवन मीटिंग: बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री ने छत्तीसगढ़ सहित देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का ऐलान किया है। गृहमंत्री शाह इस डेडलाइन को लेकर छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश के अफसरों के साथ रायपुर में हाई लेवन मीटिंग भी करेंगे।

शुक्रिया ट्रंप, मेक इन इंडिया होगा और मजबूतः मोदी

ट्रेड डील पर बोले पीएम मोदी- दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर बनी सहमति

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर करते हुए अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा, ''दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बन गई है।'' मैं दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डील में क्या-क्या सुरक्षित

इस अंतरिम ट्रेड डील में भारत के प्रमुख कृषि उत्पादों को अलग रखा गया है। इसमें गेहूं, बाजरा, सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट तथा अन्य उत्पाद शामिल हैं इसके अलावा सब्जियों और मसालों को भी ट्रेड डील से अलग रखा गया है। डेयरी उत्पादों को भी ट्रेड डील में शामिल नहीं किया गया है।

गरमा-गरम

एपस्टीन फाइल्स का खुलासा

बस्तर दौरा

अफसरों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के दिए निर्देश, कोंडागांव में दीदी रसोई भी पहुंचे सीएम साय

राज्यपाल-सीएम ने काफिला रोककर देखी एनएच-30 की प्रगति

कोंडागांव/ नवप्रदेश। रायपुर से जगदलपुर जाते समय शुक्रवार को केशकाल में अचानक राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय का काफिला रुक गया। वजह थी राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चल रहा सड़क उन्नयन कार्य। मुख्यमंत्री ने मौके पर उतरकर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ शब्दों में चेताया कि काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एनएच-30 बस्तर संभाग की सबसे अहम सड़क है, जो राजधानी रायपुर को बस्तर और अन्य राज्यों से जोड़ती है। ऐसे में सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को तय मापदंडों के अनुसार काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

कोंडागांव में दीदी की रसोई पहुंचे: केशकाल के बाद राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय कोंडागांव पहुंचे। यहां उन्होंने बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित 'मोर सुआद-दीदी की रसोई' का निरीक्षण किया। महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया। मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने बस्तर के पारंपरिक व्यंजन फरा और अंगाकर रोटी का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री साय ने समूह की महिलाओं से आय और कामकाज की जानकारी ली और कहा कि स्व-सहायता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केशकाल बायपास पर भी नजर

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री साय ने केशकाल नगर के साथ-साथ केशकाल बायपास निर्माण कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर पूरा कराया जाए और नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसा छह लोगों की मौत, एक घायल

मथुरा/एजेंसी। मथुरा के यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार कंटेनर ने बस से उतर रहे यात्रियों को कुचल दिया। इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुई बस नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। बस में सवार कुछ यात्रियों को बीच रास्ते में उतरना था। चालक ने बस को एक्सप्रेस-वे के निर्धारित ग्रीन जोन में रोकने के बजाय सड़क किनारे ही खड़ा कर दिया। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़े यात्रियों को टक्कर मार दी। कंटेनर की चपेट में आने से यात्रियों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
छत्तीसगढ़
सतत् प्रगति पथ पर
26 लाख
परिवारों को प्रधानमंत्री आवास
40 लाख
से अधिक परिवारों को स्वच्छ पेयजल
राज्य के शत्-प्रतिशत गांवों का
विद्युतीकरण
खनिज क्षेत्रों में विकास हेतु
डीएमएफ फंड
की सौगात
प्रधान मंत्री
आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
आवास और
सामाजिक सुरक्षा
S - 46810
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

न्यूज गैलरी

एम्बुश टिकट चेकिंग में धराए 200 यात्री, वसूला 62,430 रुपये जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। शनिवार को वाणिज्य विभाग की टीम ने मांढ़र स्टेशन पर 'एम्बुश टिकट चेकिंग' अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 200 मामले दर्ज किए गए, जिनसे 62,430 रुपए का राजस्व वसूला गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को उचित टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करना था। सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद के नेतृत्व में टीम ने रायपुर-बिलासपुर मेमू (68728), गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर (68861), गेवरा रोड-रायपुर पैसेंजर (68745/58203) और बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर (58201) सहित कई लोकल ट्रेनों में औचक दबिश दी। इस विशेष चेकिंग अभियान में वाणिज्य विभाग और सुरक्षा बल का भारी अमला मौजूद था। टीम में 03 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 02 वाणिज्य निरीक्षक, 18 टिकट चेकिंग स्टाफ और 08 आरपीएफ के जवान शामिल थे।

पंचम कॉलोनी प्रमोटरों पर 10 लाख रुपये का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम के गंभीर उल्लंघन के एक महत्वपूर्ण मामले में सख्त रुख अपनाते हुए 10 लाख रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है। यह दंड अधिनियम की धारा 3 के उल्लंघन पर धारा 59 के अंतर्गत लगाया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ रेरा बनाम पंचम कॉलोनी प्रकरण में पारित किया गया है। प्रकरण में गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले के ग्राम पेंड्रा स्थित पंचम कॉलोनी परियोजना के प्रमोटर पंचम केशरी, मनीष केशरी, रजनी केशरी व निधिश केशरी द्वारा जान बूझकर भ्रामक जानकारी प्रस्तुत कर रेरा अधिनियम से छूट प्राप्त करने का प्रयास किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित परियोजना वास्तविक रूप से आवासीय (हाउसिंग) श्रेणी की थी, लेकिन प्रवर्तकों द्वारा इसे गलत रूप से प्लॉटेड परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया गया। पूर्व में दर्ज प्रकरण में प्रमोटरों द्वारा वर्ष 2016 का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर परियोजना को रेरा पंजीकरण से छूट दिलवाई गई थी। हालांकि, आबंटिती द्वारा प्राधिकरण में प्रस्तुत शिकायत के आधार पर दर्ज प्रकरण की सुनवाई के दौरान यह प्रमाणित हुआ कि उसी विकास क्षेत्र में प्रवर्तकों ने सक्षम प्राधिकारी से विधिवत भवन अनुज्ञा प्राप्त कर आवासीय इकाइयों का निर्माण कराया तथा उनका विक्रय भी किया गया। इस प्रकार, प्रमोटरों द्वारा प्राधिकरण को गुमराह कर गलत कथन प्रस्तुत करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त किया गया। सीजी रेरा ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि गलत जानकारी देकर अधिनियम से छूट प्राप्त करना न केवल कानून का उल्लंघन है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर आज आएंगे रायपुर 'बजट संवाद' कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल कल 08 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने इस दौरे के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे और स्थानीय मीडिया से रू-ब-रू होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल मध्याह्न 12:15 बजे दिल्ली से निजी विमान के द्वारा स्वामी विवेकानंद विमानतल, रायपुर पहुँचेंगे। यहाँ से वे कुछ देर के लिए राज्य अतिथि गृह 'पहुना' पहुँचेंगे। इसके बाद दोपहर 01 बजे नया सर्किट हाउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल राजधानी के होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में आहूत 'बजट संवाद कार्यक्रम' में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

राजधानी के छह मार्ग अब नो फ्लैक्स जोन बिना अनुमति पोस्टर लगाए तो देना पड़ेगा पैसा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम ने जीई रोड समेत शहर के 6 मार्गों को नो फ्लैक्स जोन घोषित कर दिया है। इन चिन्हित मार्गों पर अनाधिकृत रूप से फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। बिना अनुमति पोस्टर व फ्लैक्स लगाए तो उसे निकालने का खर्च नगर निगम विज्ञापनकर्ता से वसूल करेगा।

आधा दर्जन मार्गों को नो फ्लैक्स जोन घोषित करने का निर्णय एमआईसी में पहले ही हो चुका था। निगम प्रशासन ने अब उसे अमलीजामा पहनाया है। अब तक तो शहर के लगभग सभी मार्ग धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य बैनर, पोस्टर और फ्लैक्स से अटे पड़े रहते हैं। ज्यादातर फ्लैक्स तो निगम से बिना किसी अनुमति के बेतरतीब तरीके से टांग दिए जाते हैं।

इसके कारण कई बार वाहन चालक हादसे के भी शिकार हुए हैं। इसको देखते हुए नगर निगम ने शहर के प्रमुख मार्गों को नो फ्लैक्स जोन घोषित करने का निर्णय लिया। नगर निगम प्रशासन ने जीई रोड समेत 6 मार्गों को नो फ्लैक्स जोन के लिए चिन्हित कर दिया है। इन सड़कों के मार्ग विभाजकों पर अब अनाधिकृत रूप से बैनर, पोस्टर और फ्लैक्स नहीं लग पाएंगे। सड़क डिवाइडरों, विद्युत खंभों एवं सार्वजनिक संरचनाओं पर किसी भी प्रकार के अनाधिकृत रूप से फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर अथवा अस्थायी विज्ञापन लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

ये मार्ग होंगे नो फ्लैक्स जोन

- जीई रोड टाटीबंध चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए तेलीबांधा थाना मुख्य मार्ग
- पचपेड़ी नाका चौक से लालपुर ओवरब्रिज
- भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए केनाल रोड सिग्नल तक एवं मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन के आसपास
- एनआईटी रायपुर से गोल चौक होते हुए रायपुरा चौक तक
- जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक होते हुए बिजली ऑफिस चौक तक
- महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक
- फ्लैक्स अथवा विज्ञापन लगाए जाने की स्थिति में नगर निगम अधिनियम एवं विज्ञान नियमों के अंतर्गत तत्काल हटाने एवं जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।
- अनाधिकृत फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर अथवा अस्थायी विज्ञापन हटाने पर निगम को होने वाले खर्च की वसूली अब विज्ञापनकर्ता से की जाएगी।

मॉडीफाइ सायलेंसर लगे बुलेट वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

15 दिनों में 160 से अधिक बुलेट जब्त, 90 नशेड़ी वाहन चालक कोर्ट पेश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद से यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर अधिकारी-कर्मचारी तैनात कर यातायात को सुव्यवस्थित किया जा रहा है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कठोर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला के निर्देश पर अवैधानिक रूप से मानक के विपरीत मॉडीफाइ सायलेसर लगे बुलेट वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। तेज आवाज और फटाखे जैसी ध्वनि निकालकर सार्वजनिक मार्गों पर वाहन चलाने से अन्य वाहन चालकों में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त विकास कुमार के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के निर्देशन में यातायात विभाग द्वारा बीते 15 दिनों में 160 से अधिक बुलेट वाहनों पर कार्रवाई करते हुए मॉडीफाइ सायलेसर जब्त किए गए। इसके साथ ही देर रात शराब सेवन कर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी सघन अभियान चलाया गया। विगत 15 दिनों में 90 से अधिक नशेड़ी वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जहां माननीय न्यायालय द्वारा प्रति प्रकरण दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस के अनुसार नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालक न केवल स्वयं के लिए बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी सबसे बड़ा खतरा होते हैं।

रायपुर के टार-फैक्ट्री में भीषण आग पांच घंटे की मशक्कत के बाद बुझी

आसमान में छाया रहा काला धुआं, 22किमी दूर तक दिखा गुबार, ऑयल-केमिकल से फैली आग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के भनपुरी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित टार प्रोडक्ट्स फैक्ट्री में शनिवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने फैक्ट्री के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

आग इतनी भीषण थी कि 22 किलोमीटर दूर से धुएं का गुब्बार उठता दिखा। इलाके में काले बादल जैसा धुआं छाया गया था। घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है। आग दोपहर 1 बजे लगी थी, जो शाम 6 बजे तक काबू में आई। बता दें कि फैक्ट्री में टार प्रोडक्शन का काम होता है, यहां बड़ी मात्रा में ऑयल-केमिकल का इस्तेमाल होता था जिससे आग फैली थी।

पानी का शॉर्टेज होने के कारण भड़की आग

बताया जा रहा है घटना के बाद 2 फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी। 3 घंटे तक पानी की 4 टंकी खाली हो चुकी थी। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। इलाके में पानी का शॉर्टेज हुआ जिससे दूर के स्टेशन से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जा रही थी।

अचानक उठा धुआं, शॉर्ट सर्किट की आशंका

फैक्ट्री परिसर से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। फैक्ट्री में तार, ऑयल, केमिकल और कई ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी। निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मी-फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता दिखाते हुए तुरंत फैक्ट्री खाली कराई।

बस्तर के दोनों सांसदों को पंडुम के मंच पर नहीं बैठाना बस्तर का अपमान: दीपक बैज

रायपुर/ नवप्रदेश। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर पंडूम के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रपति के मंच पर मुख्यमंत्री और मंत्रीगणों को तो स्थान दिया गया, लेकिन बस्तर के दोनों आदिवासी सांसदों, कांकेर

सांसद भोजराज नाग और बस्तर के सांसद महेश कश्यप को भाजपा सरकार ने मंच पर बैठाने के लायक भी नहीं समझा, जबकि प्रोटोकॉल के अनुसार सांसदों को मंच पर बैठाना था, बस्तर के दोनों ही सांसद आदिवासी वर्ग से आते है तथा बस्तर की जनता का प्रतिनिधित्व करते है। यह उन सांसदों का ही नहीं बस्तर की जनता और बस्तरिया अस्मिता का अपमान है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर पंडुम के नाम पर करोड़ो रुपए खर्च कर अपनी ब्रांडिंग तो कर रही, लेकिन बस्तर के लोगों के स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिस पंडुम में बस्तर के जन प्रतिनिधि अपमानित हो रहे, वहां पर आम बस्तरिया आदिवासी की क्या स्थित होगी समझा जा सकता है।

चाकूबाजी पर जीरो टॉलरेंस, 12 घंटे में मुख्य आरोपी और सहयोगी गिरफ्तार

भागने-छिपाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई, संरक्षण देने वालों पर सीधा प्रहार

आरोपी रायपुर छोड़कर हो गया था फरार

घटना के बाद आरोपी रायपुर छोड़कर फरार हो गया था और अन्य राज्य भागने की तैयारी में था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट प्रभारी सचिन सिंह, उपनिरीक्षक मुकेश सिंह सोरी एवं टीम द्वारा सूचना तंत्र सक्रिय कर संयुक्त कार्रवाई की गई और 12 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में चाकूबाजी की घटना पर रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए त्वरित, सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई की है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फव्वारा चौक के पास चाकू से किए गए जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी सहित उसके सहयोगियों को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आपसी छींटाकशी से क्षुब्ध होकर आरोपी हरा सोनू उर्फ मोहम्मद आदिल रजा निवासी राजातालाब, रायपुर द्वारा सार्वजनिक स्थान पर बटन चाकू से पीड़ित पर हमला किया गया, जिससे पीड़ित को गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 35/26 धारा 296, 118(1), 109(1), 249, 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी को फरार होने, छिपने और आश्रय देने में अन्य व्यक्तियों ने जानबूझकर मदद की। आरोपी के मेमोरेंडम कथन एवं साक्ष्यों के आधार पर ऐसे सह-आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 249 एवं 3(5) बीएनएस सहित अन्य धाराओं के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों को संरक्षण देने वाले भी समान रूप से अपराध के लिए उत्तरदायी माने जाएंगे। प्रकरण में घटना में प्रयुक्त चाकू, फरारी में उपयोग की गई मोटर साइकिल सहित कुल चार मोटर साइकिल जप्त की गई हैं। मामले में विवेचना जारी है। साक्ष्यों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए आरोपियों का न्यायिक रिमांड प्राप्त कर गहन जांच की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी

हरा सोनू उर्फ मोहम्मद आदिल रजा, उम्र 34 वर्ष, निवासी नई बस्ती राजातालाब, रायपुर, मोहम्मद अदनान, उम्र 22 वर्ष, निवासी बैजनाथ पारा, रायपुर, सागर नगरारे, उम्र 39 वर्ष, निवासी चंदनडीह, रायपुर, उबैद रजा उर्फ इल्ला, उम्र 19 वर्ष, निवासी बैजनाथ पारा, रायपुर

ऑनलाइन फाइनेंस और प्री-अप्रूव्ड लोन की आड़ में ठगी

एमजी रोड चौपाटी के व्यवसायियों से लाखों की धोखाधड़ी, 19 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन फाइनेंस और प्री-अप्रूव्ड लोन का झांसा देकर एमजी रोड चौपाटी क्षेत्र के ठेले लगाने वाले एवं छोटे व्यवसायियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले युवक को मौदहापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 28/26 धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुदित पाठे उर्फ कृष पवार, उम्र 19 वर्ष, पिता विजय कुमार पाठे, निवासी बाजार चौक, छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपी दसवीं पास है और पढ़ाई छोड़ने के बाद फाइनेंस सेक्टर में काम करने की इच्छा लेकर रायपुर आया था। वह पहले गुढियारी क्षेत्र में किराए से रहा, बाद में डोरमेट्री में ठहरकर एमजी रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में ठेले लगाने वाले और छोटे व्यापारियों से संपर्क बढ़ाने लगा। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी विभिन्न ऑनलाइन फाइनेंस, कैशबैक और इन्वेस्टमेंट एप्लीकेशनों की जानकारी हासिल कर व्यापारियों को बेहतर कैशबैक, प्रोमो कोड और रेफरल लाभ दिलवाने के नाम पर उनका भरोसा जीतता था। शुरुआती दौर में वह पीड़ितों को वास्तविक लाभ दिलवाता, जिससे वे उस पर विश्वास करने लगते। मामले की जानकारी मिलते ही डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश प्रसाद गुप्ता एवं अतिरिक्त डीसीपी तारकेश्वर पटेल ने स्वयं साक्षियों, आवेदकों और आरोपी से पूछताछ कर तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। उनके मार्गदर्शन में निरीक्षक मुकेश शर्मा के नेतृत्व में मौदहापारा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन से फरार होने से ठीक पहले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी एक दर्जन से अधिक फाइनेंस एवं इन्वेस्टमेंट एप्लीकेशनों का उपयोग कर रहा था।

फाइनेंस एप्लीकेशनों से मिलता था डेटा

विश्वास कायम होने के बाद आरोपी पीड़ितों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल फोन और अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों तक पहुंच बना लेता था। इसके बाद वह विभिन्न फाइनेंस एप्लीकेशनों के माध्यम से पीड़ितों के नाम पर प्री-अप्रूव्ड लोन स्वीकृत कराता और प्राप्त राशि को अपने ऑनलाइन वॉलेट व अन्य खातों में ट्रांसफर कर लेता था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके पिता पूर्व में इंश्योरेंस क्षेत्र में कार्यरत थे, लेकिन कोरोना काल के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। इसके चलते उसने पढ़ाई छोड़कर ऑनलाइन ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से फाइनेंस एवं निवेश से जुड़ी जानकारी हासिल की। उसका उद्देश्य ठगी से जुटाई गई राशि से अपने मूल निवास स्थान पर मोबाइल की दुकान खोलना था।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्टार्टअप शुरू करने अधिक ऋण स्वीकृत करें बैंक: कलेक्टर

- **डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की तिमाही बैठक संपन्न**
- **बैंकों को फरवरी 2026 के अंत तक जीएसएस ऋण लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश**

कोरबा/नवप्रदेश। जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बेरोजगार एवं इच्छुक युवाओं द्वारा प्रस्तुत ऋण-आवेदनों का परीक्षण प्राथमिकता से कर अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत किए जाएँ, ताकि युवा स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले हितग्राहियों के ऋणों की शीघ्र स्वीकृति के निर्देश भी दिए।

बैठक का संचालन एल.डी.एम. श्री कृष्ण भगत द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, बैंक

प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग, अतिरिक्त कलेक्टर श्री ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री टी.आर. भारद्वाज, आरबीआई एलडीओ श्री अविनाश कुमार टोप्पो, नाबार्ड के डी.डी.एम. श्री एस.के. प्रधान, महाप्रबंधक श्री विजय कुमार करे, डी.एम.एम. श्री अनुराग जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि शासन प्रायोजित योजनाओं (जीएसएस) के अंतर्गत प्राप्त वार्षिक ऋण लक्ष्यों को फरवरी 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे युवाओं, किसानों और सूक्ष्म-उद्यमियों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिले के आर्थिक विकास में बैंकिंग संस्थाओं की भूमिका को निर्णायक बताते हुए लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। सभी शाखा प्रबंधकों ने निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

बैठक में पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेबीवाई योजनाओं के तहत लंबित दावों के त्वरित, पारदर्शी और सहानुभूतिपूर्ण निपटान के निर्देश दिए गए, ताकि दिवंगत हितग्राहियों के परिजनों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। आरबीआई एलडीओ श्री अविनाश कुमार टोप्पो ने आगामी फाइनेंशियल लिटरेसी वीक के प्रभावी आयोजन पर विस्तृत जानकारी देते हुए जिले के प्रत्येक नागरिक को वित्तीय साक्षरता से जोड़ने हेतु बैंकों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। नाबार्ड के डी.डी.एम. श्री एस.के. प्रधान ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, विशेषकर कृषि संबंधी गतिविधियों में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने किसानों की आय वृद्धि हेतु जिले में किसान उत्पादक संगठन के गठन को बढ़ावा देने की बात कही। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी बैंक पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत अधिकतम संख्या में ऋण स्वीकृत करते हुए समयबद्ध रूप से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों ने अपने-अपने क्षेत्रों में केसीसी ऋण वितरण बढ़ाने का अनुरोध बैंकों से किया। अंत में कलेक्टर श्री दुदावत ने कोरबा को अस्पिरेशनल जिला बताते हुए कहा कि जिले के समग्र विकास में बैंकिंग क्षेत्र की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है।

न्यूज गैलरी

रजत महोत्सव: छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा जिला मुख्यालय कबीरधाम (कवर्धा) में आयोजित रजत महोत्सव के क्रम में स्वामी कर्पात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा में छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण, विद्युत जागरूकता तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति समझ विकसित करना था। प्रतियोगिताओं में लगभग 40 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।आयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला, व्याख्यान, निबंध लेखन एवं स्लोगन लेखन शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं विचारों के माध्यम से ऊर्जा के महत्व, बिजली के सुरक्षित उपयोग तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश दिया।CSPDCL के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को विद्युत बचत, डिजिटल सेवाओं के उपयोग तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर ङ्क मुफ्त बिजली योजना जैसी पहलों की जानकारी भी प्रदान की गई।CSPDCL भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए ऊर्जा-संपन्न एवं जागरूक छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक युवा उत्सव 'प्रवेगा' का आयोजन

धरसीवां/ कूंरा/नवप्रदेश। शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय में वार्षिक युवा उत्सव 'प्रवेगा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर ने किया एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम सामिति द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रीमती पूजा वर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य दिलेन्द्र बंछोर, गणेशन मूर्ति, अश्विनी वर्मा एवं विनय पांडेय उपस्थित रहे एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अंतर्गत रंगोली , क्रॉफ्ट, मेंहदी, पाक कला, फेंसी ड्रेस एवं नृत्यकला तथा फ ोटोग्राफी एवं रील प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिसें 150 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान सामाजिक परीप्रेक्ष्य के अनुरूप अपनी कला एवं दक्षता की अभिव्यक्ति हेतु मंच प्रदान करना था और विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रश्मि कुजूर ने सविस्तार कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की एवं कार्यक्रम का संचालन किरण पाण्डेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वाति शर्मा ने किया। सांस्कृति कार्यक्रम समिति के डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. सुनीता दुबे, डॉ. संजय कुमार सिंह एवं प्रशांत रथ ने संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं विभिन्न विद्यार्थीके प्रभारियों में डॉ. किरण श्रीवास्तव, डॉ. संदीप दुबे, डॉ. प्रीति पाण्डेय, श्रीमती अन्नपूर्णा बंजारे, कु. तरन्नुम कौसर, कु. नेहा , हेमलता, नोना धीवर, गरिमा देवांगन, संदीप कु. श्रीमती दिक्षा साहू ने विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित करने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पंचायत जनसंपर्क अभियान का आयोजन

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। आज जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवां के अध्यक्ष आशीष वर्मा के नेतृत्व में सिलयारी मंडल अंतर्गत ग्राम रैता और कुकेरा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पंचायत जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं, मजदूरी भुगतान, काम की कमी एवं अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मजदूरों को उनके हक़ के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मनरेगा मजदूरों की पीड़ा को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि मनरेगा को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफकांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। भाजपा सरकार द्वारा लगातार मनरेगा को कमजोर करने, मजदूरों का काम रोकने और समय पर भुगतान न करने की नीतियों की कड़ी निंदा की गई। भाजपा सरकार गरीब, किसान और मजदूर विरोधी मानसिकता के साथ काम कर रही है, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम के माध्यम से भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफजनआंदोलन को और तेज़ किया जाएगा।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष पप्पू बंजारे , अनिता शर्मा पूर्व विधायक धरसीवां, दुर्गेश वर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष,प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण उद्यो वर्मा, सहित आसपास के बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे।

डिजिटल नवाचार से ग्रामीण सशक्तिकरण की मिसाल

रायगढ़ की 550 पंचायतों में 'रोजगार सह आवास दिवस' पर उमड़ा जनसैलाब

- **क्यूआर कोड से मोबाइल पर दिखा 5 वर्षों का विकास, 9 हजार से अधिक ग्रामीण बने डिजिटल सुशासन के सहभागी**

रायगढ़ / नवप्रदेश। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत रायगढ़ जिले की सभी 550 ग्राम पंचायतों में आज 'रोजगार सह आवास दिवस' का व्यापक एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम ने ग्रामीण विकास को तकनीक, पारदर्शिता और जनभागीदारी से जोड़ते हुए शासन तथा प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी को उल्लेखनीय रूप से कम किया है।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली। नौ हजार से अधिक ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए डिजिटल माध्यमों के जरिए अपने गांव के विकास कार्यों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त की।

क्यूआर कोड से पारदर्शी हुआ गांव का विकास

आयोजन का मुख्य आकर्षण डिजिटल सुशासन रहा। पंचायत परिसरों में उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्रामीणों के मोबाइल पर उनके गांव की 'एट अ ग्लांस रिपोर्ट खुल गई। इस रिपोर्ट में पिछले पांच वर्षों में मनरेगा के अंतर्गत हुए कार्यों का विस्तृत विवरण, साथ ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध रही। इस दौरान अपने गांव के विकास कार्यों को पारदर्शी रूप से मोबाइल स्क्रीन पर देखकर ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास देखने को मिला।

आवास और मनरेगा से जुड़े मुद्दों का मौके पर समाधान

रोजगार सह आवास दिवस' के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा से संबंधित जमीनी समस्याओं पर सीधा संवाद स्थापित किया गया। इसमें प्रमुख रूप से आवास निर्माण की किस्तों के भुगतान की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास के साथ मिलने वाली मनरेगा की 90 दिवस की मजदूरी का समन्वय, निर्माण सामग्री की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि आवास की समयबद्ध पूर्णता के लिए मनरेगा मजदूरी का भुगतान उनका अधिकार है, जिसे सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

आजीविका डबरी से आय के नए अवसर

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डबरी निर्माण के महत्व पर विशेष फोकस किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि डबरी के माध्यम से जल संरक्षण, कृषि सिंचाई और मछली पालन जैसे कार्यों को बढ़ावा देकर ग्रामीण परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि संभव है। इसी क्रम में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष पम्पलेट वितरण किया गया।

कलचुरी रत्न सम्मान से सम्मानित हुए अंकोरी सिन्हा

- **कलार समाज बसना द्वारा समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा के लिए किया सम्मान**

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना के टिकरापारा स्थित कलार समाज भवन में आयोजित बैठक एवं सम्मान समारोह के दौरान जनसेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्र.-21 अंकोरी प्रकाश सिन्हा को कलार समाज द्वारा कलचुरी रत्न सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समाज की ओर से उनके सतत जनहितकारी कार्यों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया है। इस अवसर पर प्रकाश सिन्हा के साथ नगर पंचायत बसना के पार्षद राकेश डड़सेना एवं राष्ट्रसेवा में समर्पित सेवानिवृत्त सैनिक लोकनाथ डड़सेना को भी आत्मीय रूप से सम्मानित किया गया, जिससे समारोह और अधिक गरिमामय बन गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कलार समाज द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ समाज के प्रति और अधिक जिम्मेदारी का बोध कराता है। उन्होंने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव समाज के हर वर्ग के हित, सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और जनसेवा की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

आस्था और एकता का संगम बना शबरी मेला महोत्सव

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना ब्लॉक के ग्राम सिंघनपुर में आयोजित श्री शबरी माता माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का समापन कार्यक्रम देर रात तक श्रद्धा, आस्था एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय अवसर पर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य अंकोरी प्रकाश सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान प्रकाश सिन्हा ने शबरी माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। सवरा समाज के

संरक्षक जयदेव भोई, प्रदेश प्रवक्ता एवं संचालक डॉ. तपन भोई समेत पदाधिकारियों द्वारा समस्त अतिथियों का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

श्री सिन्हा ने अपने संबोधन कहा कि शबरी माता माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सवरा समाज की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक है।

विराट धनुजात्रा, मीना बाजार, दंड नृत्य एवं फूलझड़ी जैसे आयोजनों ने नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

बालोद जिले में रजिस्ट्री दरें कम करने की मांग की गई: स्वाधीन

बालोद / नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री स्वाधीन जैन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को पत्र लिखा जिसमें बालोद जिले में भी रजिस्ट्री दरों में कम करने की मांग की गई है।

स्वाधीन जैन ने बताया कि राज्य सरकार ने रायपुर और कोरबा जैसे प्रमुख जिलों में रजिस्ट्री दरों में पहले ही कमी कर दी है, लेकिन बालोद जिले में रजिस्ट्री शुल्क अत्यधिक होने से ग्रामीणों, किसानों और छोटे व्यापारियों को जमीन की

खरीद-फरोख्त में भारी आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

स्वाधीन जैन ने बताया बालोद जिला मुख्यतः कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां के लोगों के लिए जमीन की खरीद-फरोख्त एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है। उच्च रजिस्ट्री दरें इस प्रक्रिया को महंगा और कठिन बना रही हैं। यह न केवल आम आदमी के लिए समस्या है, बल्कि व्यापार और निवेश के लिए भी बाधक है। बालोद जिले में रजिस्ट्री दरों को तत्काल कम किया जाए। अन्य जिलों के समान दरें लागू की जाएँ।ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को आर्थिक राहत प्रदान की जाए। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने आशा जताई है कि राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करेगी और बालोद जिले के लोगों को राहत प्रदान करेगी।

केंद्रीय बजट युवाओं- महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए हितकारी: लक्ष्मीकांत

दुर्ग / नवप्रदेश। केंद्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि यह बजट भारत को मजबूत करने वाला बजट है। उन्होंने ने कहा कि कैंसर-शुगर की दवा की कीमत कम किया है, इससे बीमार व्यक्ति के लिए बेहतर साबित होगा। 12 लाख रुपये तक आयकर छूट और स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़कर 1 लाख रुपए किया जाना मध्यम वर्ग और युवाओं के लिए अच्छा निर्णय है। लाभकारी योजनाओं से बचत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे छोटे और लघु उद्योगों के विकास स्टार्टअप डालने के लिए बड़े फंड के साथ प्रक्रिया को सरल किया गया है। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकाशील भारत के सपनो को साकार करता है।

महासमुंद जिले में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का हुआ शुभारंभ

महासमुंद /नवप्रदेश।। जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु फरवरी 2026 से 100 दिवसीय विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी-2030) के अनुरूप जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वस्थ गांव की परिकल्पना को साकार करने हेतु ग्राम स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप-स्वास्थ्य केंद्र, मितानिन एवं स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे के मार्गदर्शन में जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने सेल फोन रिपेयरिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण

- **जनता नागरिक सेवा का उठा सकते हैं लाभ**

महासमुंद/नवप्रदेश। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सेल फोन रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 15 जनवरी से प्रदान किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों की कार्यकुशलता एवं व्यावहारिक अनुभव को बढ़ाने के लिए पांच दिवसीय आरसेटी बाजार का आयोजन किया जा रहा है।बड़ौदा आरसेटी के निदेशक ने बताया कि आरसेटी बाजार 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगा। जिसमें आम नागरिकों के लिए सभी प्रकार के मोबाइल फोन की रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

इस आयोजन के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा, वहीं नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा का लाभ मिलेगा।

वैवाहिक मुहूर्त: फरवरी से मई तक 37 वैवाहिक मुहूर्त, व्यापार और रोजगार को मिलेगी नई गति

शुभ मुहूर्तों के साथ शहर के बाजारों में लौटी रौनक

महासमुंद/नवप्रदेश। जनवरी माह में खरमास समाप्त होने के बाद अब विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों का शुभ दौर शुरू होने जा रहा है। गुरुवार 5 फरवरी से शहनाइयों की मधुर धुन सुनाई देने लगी है और शहर के बाजारों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार वर्ष 2026 विवाह, गृह प्रवेश तथा अन्य मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माना जा रहा है।

पंडितों का कहना है कि इस वर्ष वैवाहिक मुहूर्तों की भरमार है और फरवरी से लेकर दिसंबर तक शादियों का लंबा सिलसिला चलेगा। शादी-ब्याह के इस सीजन का असर जिले के व्यापार पर साफदिखाई देने लगा है। शहर के प्रमुख बाजार गांधी चौक, स्टेशन रोड और बीटीआई रोड स्थित कपड़ा दुकानों, ज्वेलरी शोरूम, बर्तन बाजार और सजावट से जुड़े प्रतिष्ठानों में खरीददारी तेज हो गई है। व्यापारियों को उम्मीद है कि बीते कुछ महीनों की सुस्ती के बाद अब बाजार पूरी तरह गुलजार होगा और बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।टेंट हाउस, कैटरिंग सर्विस, बैंड-बाजे और फूल सज्जा से जुड़े व्यवसायियों ने भी अभी से बुकिंग लेना शुरू कर दिया है। शादी का सीजन केवल बड़े व्यापारियों के लिए ही नहीं, बल्कि छोटे दुकानदारों, ठेला-खोमचा संचालकों, ऑटो चालकों, ब्यूटी पार्लर संचालकों और बैंड-बाजे वालों के लिए भी रोजगार का बड़ा माध्यम बनता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष विवाह के साथ-साथ गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार और उपनयन संस्कार के लिए भी कई श्रेष्ठ मुहूर्त उपलब्ध हैं।

2026 में विवाह मुहूर्त

फरवरी: 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26
मार्च : 1, 3, 4, 7, 8, 9, 11, 12
अप्रैल: 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29
मई: 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14, 17

विवाह के कुल 37 शुभ मुहूर्त

बीते वर्ष दिसंबर के अंतिम सप्ताह में विवाह मुहूर्त समाप्त हो जाने और जनवरी में खरमास के कारण लगभग सवा माह तक मांगलिक कार्यों पर विराम लगा रहा। अब फरवरी से मई तक विवाह के कुल 37 शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। इसके बाद 17 मई से 15 जून तक अधिवास के कारण मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। जून के अंत और जुलाई की शुरूआत में कुछ सीमित मुहूर्त रहेंगे, जबकि चातुर्मास (अगस्त, सितंबर और अक्टूबर) के दौरान भगवान विष्णु के शयनकाल में विवाह नहीं होंगे। नवंबर और दिसंबर में एक बार फिर विवाह का शुभ समय शुरू होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव में शामिल हुए विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशभर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव 2025-26 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 फरवरी 2026 को बीटीआई रोड स्थित बिजली कार्यालय परिसर, महासमुंद में संभागीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र महोबिया, अमन वर्मा, दिग्विजय साहू, राहुल आवड़े, विजय साव, पंकज चंद्राकर और पंडित जवाहर त्रिवेदी उपस्थित रहे।

रूंगटा कार्निवाल 2026 का आगाज: उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विजेताओं को किया सम्मानित

भिलाई/नवप्रदेश। संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भिलाई में 5 फरवरी से तीन दिवसीय कार्निवाल का आगाज़ हुआ। कार्निवल के दूसरे दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव, महापौर अलका बाघमार और जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शरीर में भगवान ने इतनी ताकत और क्षमता दी है कि हम जैसा चाहे शरीर को वैसा बना सकते हैं। अभ्यास से शरीर मोम या फौलाद की तरह मजबूत हो सकता है। हमें असफलता से निराश नहीं होना चाहिए। हमें डॉ अब्दुल कलाम आज़ाद से प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने छोटी नौकरी न मिलने पर निराश नहीं हुए। बहुत मेहनत की और बाद में उन्हें मिसाइल मैन के नाम से जाना गया। वे भारत के राष्ट्रपति बने। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्निवाल 2026 के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता स्टूडेंट्स को ट्रॉफी, मेडल्स व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स चेयरमैन संजय रूंगटा, संतोष रूंगटा, चांसलर, रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, डायरेक्टर डॉ साकेत रूंगटा, रजनी रूंगटा, हर्षा रूंगटा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे। चेयरमैन संजय रूंगटा ने मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। डायरेक्टर डॉ साकेत रूंगटा ने महापौर अलका बाघमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

सिंगर ताबिश पाशा ने युवाओं के बीच बिखेरा जलवा

सिंगर ताबिश पाशा व उनके बैंड ने अपनी पावरफुल परफॉर्मेंस से कार्निवाल को यादगार बना दिया। हजारों की संख्या में जुटे छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में ताबिश पाशा ने एक से बढ़कर एक सुपरहिट गाने पेश किए। स्टूडेंट्स मोबाइल फ्लैश लाइट जलाकर गानों का लुत्फ उठाते नजर आए। फैकल्टी मेंबर्स और स्टाफ ने भी रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाया। आयोजन युवाओं के लिए यादगार बन गया।

ध्वनि भानुशाली के लाइव परफॉरमेंस पर थिरके स्टूडेंट्स

संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा कार्निवाल 2026 के दौरान गुरुवार को पॉपुलर इंडियन सिंगर, एक्ट्रेस व यूथ आइकॉन ध्वनि भानुशाली ने लाइव परफॉरमेंस दिया। उनके गीतों पर स्टूडेंट्स ने जमकर डांस किया। ध्वनि भानुशाली ने अपनी प्रभावशाली परफॉरमेंस से संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के परिसर को ऊर्जावान बना दिया। दर्शकों में जोश भर दिया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन संजय रूंगटा, डायरेक्टर डॉ साकेत रूंगटा, रजनी रूंगटा, हर्षा रूंगटा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। तीन दिवसीय आयोजन का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। समारोह में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

बाइक चोरी का बड़ा खुलासा: वाहन काटकर कबाड़ियों को बेचता था

दुर्ग। जिले के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरी के संगठित गिरोह का खुलासा किया है। दोपहिया वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए शातिर मुख्य आरोपी विजय देवांगन को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले करीब 15 वर्षों से मोटर साइकिल मैकेनिक का काम कर रहा था। वह चोरी की वारदातों को भी अंजाम देता था। पद्मनाभपुर थाना में विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी विजय देवांगन क्षेत्र में घूम-घूमकर अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करता था। चोरी के बाद वह वाहनों को अपने घर ले जाकर हेक्जा ब्लेड जैसे औजारों से काट देता था। इसके बाद लोहे और एल्युमिनियम के पार्ट्स अलग कर फेरी वालों और स्थानीय कबाड़ियों को बेच देता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके अन्य सहयोगियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। चोरी किए गए दोपहिया वाहनों के कटे हुए पार्ट्स बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने कुल 10 दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में लगभग 7 लाख रुपये की सामग्री जब्त की है। जब्त सामान में चोरी की हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल, एक्टिवा स्कूटी और कई दोपहिया वाहनों के कटे हुए लोहे व एल्युमिनियम पार्ट्स शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में विजय देवांगन (36 वर्ष) निवासी उरला दामाद पारा, सोनू गुप्ता (28 वर्ष), उमेश गुप्ता (24 वर्ष) और मोहम्मद खान (57 वर्ष) शामिल हैं।

सड़क हादसे में 5 साल की बच्ची की मौत, 3 दिन बाद एफआईआर

भिलाई। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 5 साल की मासूम बच्ची की मौत के मामले में तीन दिन बाद पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। 3 फरवरी को यह हादसा हुआ था। हादसे में घायल मां-बेटी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 5 साल की मासूम श्रेया जांगड़े (उम्र 5 साल 6 माह) ने दम तोड़ दिया। 3 फरवरी को सुबह किरण जांगड़े अपनी बेटी श्रेया जांगड़े को स्कूटी पर सेक्टर-10 स्कूल छोडने जा रही थी। होंडा शोरूम के पास पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे आईटीआई के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने उल्टी दिशा से आकर मां-बेटी को ठोकर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तुरंत गायत्री अस्पताल सुपेला में ले जाया गया। यहां से श्रेया को स्पर्श अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान 3 फरवरी की रात 8 बजे बच्ची की मौत हो गई। मां किरण जांगड़े का उपचार जारी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। मर्ग जांच के आधार पर ट्रेलर चालक के खिलाफ 6 फरवरी को अपराध दर्ज किया गया। ट्रेलर चालक को गिरफ्तार किया है।

घरेलू मवेशी की हथौड़े से पीटकर हत्या

भिलाई। छावनी थाना क्षेत्र में जलेबी चौक के पास सुंदर नगर नाला क्षेत्र में पशु क्रूरता के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मवेशी को लोहे के हथौड़े से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पहले पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने घरेलू पशु के साथ अमानवीय क्रूरता करते हुए लोहे के हथौड़े से पीटा। घटनास्थल पहुंचने पर पुलिस को पशु मृत अवस्था में मिला। शुरुआती जांच में पता चला कि पशु को लोहे के हथौड़े से बुरी तरह पीटा गया था। पुलिस ने आरोपी की पहचान करते हुए छावनी निवासी बाबूराव उर्फ पण्डू (55) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया लोहे का हथौड़ा भी मौके से जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के सामने पेश किया गया।

प्रजा सेवा समिति का सम्मान

भिलाई। श्री साईं नाथ जन सेवा समिति के 8वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रजा सेवा समिति को समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रजा सेवा समिति पिछले 16 वर्षों से रक्तदान एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। जिसमें रक्तदान, गरीब बच्चियों का विवाह और बारिश मे गिर गए गरीबों के घर बनाए हैं। यह सभी कार्य प्रजा सेवा समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर किए है। समारोह में प्रजा सेवा समिति के अध्यक्ष डी. श्रीनिवास, सक्रिय सदस्य जे.डी. ख़ान , दीपक कुमार, श्रीनिवास, राम अवतार यादव, विश्वनाथ गुम्मीदी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

दुर्ग संभाग में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में 33 हजार हेक्टेयर की कमी

दुर्ग। लगातार घटती वर्षा, भू-जल स्तर में गिरावट और बढ़ती सिंचाई लागत जैसी चुनौतियों के बीच कृषि को टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिये शासन द्वारा पहल की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन धान फसल को हतोत्साहित करते हुए कृषकों को दलहन, तिलहन व अन्य फसल लेने प्रेरित किया जा रहा है। लगातार प्रयासों से दुर्ग संभाग में 33,010 हेक्टेयर ग्रीष्मकालीन धान के रकबे को प्रतिस्थापित करते हुए धान के स्थान पर वैकल्पिक फसल के रूप में 12,491 हेक्टेयर में दलहन, 3,532 हेक्टेयर में तिलहन, 3,106 हेक्टेयर में मक्का, 410 हेक्टेयर में लघु धान्य और 13,472 हेक्टेयर में अन्य फसल लेने की जानकारी संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल द्वारा दी गई। इस रकबे में और वृद्धि की संभावना है।

पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक सीएम ने दिए कड़े संदेश

अब अफसरशाही नहीं, जन आकांक्षा से मिलेगी विकास कार्यों की मंजूरी

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में राज्य के मुखिया ने बड़ा संदेश दे दिया। जिला मुख्यालय दुर्ग में पीडब्लूडी के सभाकक्ष में संपन्न बैठक में प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत प्रमुख विकास कार्यों, प्राधिकरण मद से निर्माणाधीन कार्यों के अनुमोदन, प्रावधानित बजट और नवीन स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यह संदेश दे दिया गया कि विकास कार्यों की मंजूरी अफसरशाही की मर्जी से नहीं, बल्कि जन आकांक्षाओं से तय होगी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गए सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग समुदाय के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक उत्थान हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति का आकलन करने और भावी विकास रणनीतियों का निर्धारण करने के लिये बैठक का आयोजन किया गया था। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने बताया कि बैठक में विकास का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर गंभीरता से मंत्रणा की गई। मुख्यमंत्री साय ने प्राधिकरण के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत बजट का समय पर और पूर्ण उपयोग किया जाए। विकास कार्यों का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचना चाहिए और इसके लिए सभी स्तरों पर सतत निगरानी जरूरी है। अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्रों के हित को प्राथमिकता में रखते हुए सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण किया जाए।

ललित ने बताया कि क्षेत्रीय नेतृत्व से परामर्श लेकर अल्पकालिक योजनाओं के निर्माण, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और जन अपेक्षाओं के अनुरूप छोटे-छोटे निर्माण कार्यों की त्वरित स्वीकृति का प्रावधान किया गया है। प्राधिकरण के अंतर्गत राज्य के 35 विधानसभा क्षेत्रों में आधारभूत नागरिक सुविधाओं के विकास, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, शैक्षणिक सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

निवास में हुआ सीएम साय का आत्मीय स्वागत

प्राधिकरण की बैठक में शामिल होने दुर्ग पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर के मोहन नगर स्थित निवास भी गए। चंद्राकर ने परिवारजनों के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आत्मीय स्वागत किया। विधायक चंद्राकर के परिवारजनों समेत नागरिकों ने सीएम साय की सज्जनता और सेवा भाव के साथ जनसेवा व विकास के प्रति उनके नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया। ललित ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है।

नाबालिग से गैंगरेप मामले में फरार पीडब्लूडी का टाइम कीपर गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। नाबालिग से गैंगरेप में मामले में फरार आरोपी पीडब्लूडी के टाइम कीपर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजू कश्यप उर्फ कृपा शंकर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस की विशेष टीम उसे लेने के लिए उत्तर प्रदेश रवाना हो गई है। आरोपी राजू कश्यप मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले का निवासी है। पीडब्ल्यूडी में नौकरी लगने के बाद वह अपने परिवार के साथ दुर्ग में निवास कर रहा था। गैंगरेप का मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस लगातार कश्यप की तलाश कर रही थी। पुलिस से बचने के लिए आरोपी गोरखपुर में अपने रिश्तेदारों के यहां छिपा था। दुर्ग पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की। पुलिस की टीमों ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड, टॉवर लोकेशन व अन्य तकनीकी माध्यमों से आरोपी की लगातार ट्रैकिंग की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में आरोपी के मोबाइल की लोकेशन स्पष्ट होने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। इस मामले में मुख्य किरदार बीएन पांडेय और संजय पंडित अभी भी फरार हैं। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है। इससे पहले विजय स्वाइन, गोविंद ठाकुर और अनिल चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस गिरफ्तार हुए आरोपियों से मामले में पूछताछ कर रही है।

2018 में शुरू हुआ शोषण, 2025 तक चला

पीड़िता के मुताबिक, साल 2018 में जब वह सिर्फ 14 साल की थी, तभी पहली बार उसके साथ अपराध हुआ। इसके बाद अलग-अलग मौकों पर 6 आरोपियों ने साल 2025 तक उसका शोषण किया। लंबे समय तक डर और दबाव में रहने के कारण वह चुप रही। आरोपियों ने पीड़िता को डराया-धमकाया और निजी तस्वीरों-वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल किया। इसी दबाव का फायदा उठाकर वे बार-बार उसे शोषण का शिकार बनाते रहे।

'परीक्षा पे चर्चा' में शामिल हुए विद्यार्थी-शिक्षक, पालक

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में परीक्षा पे चर्चा का 9 वॉ संस्करण विद्यार्थियों ने सुना। इस दौरान प्राचार्य वर्षा ठाकुर सहित शिक्षकगण और विद्यार्थियों के पालक भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बोर्ड परीक्षाओं से पहले तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सीख पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने छात्रों को मजबूत बुनियादी समझ, समय प्रबंधन और मन की एकाग्रता पर जोर देने के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन बनता है जिंदगी जीने से, कम्फर्ट जोन में रहने वाले व्यक्ति आगे नहीं बढ़ते। परीक्षा पे चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सपने नहीं देखना क्राइम है। सपने देखते रहना चाहिए, लेकिन केवल सपने देखने से काम नहीं चलेगा। सपना साकार करने प्रयास करना चाहिए। छात्रा अंजलि कुमारी, कुसुम, शुभी, डिंपी, रुचि, निकिता भावना, इंद्राणी, आर्यन, भूपेश, अरमान, चंदन आदि ने परीक्षा पे चर्चा को जीवन के लिए बहुत उपयोगी बताया। इस अवसर पर व्याख्याता प्रतिभा बुरहान, प्रतिमा भारद्वाज, रूपेश्वरी साहू, एशमी बंजारे, बी मैथ्यू, लुबना परवीन, संजय यादव, रूखमणी विश्वकर्मा उपस्थित रही।

बीएसपी में कॉपर चोरी, सरगना गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी क्षेत्र में कॉपर वायर चोरी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना शत्रुघन धनकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की रिपोर्ट के आधार पर की गई। 3 फरवरी को भट्ठी थाना को सूचना देते हुए बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र क्षेत्र स्थित जलभवन के पीछे प्रोपेन प्लांट के पास अज्ञात चोरों ने कॉपर वायर चुराया है। जांच के दौरान पुलिस ने संतोष निषाद (35 वर्ष), निवासी स्टेशन मरोदा, उत्कल नगर भिलाई को हिरासत में लिया। पूछताछ में संतोष ने बताया कि वह अपने साथी शत्रुघन धनकर और अन्य आरोपियों के साथ प्लांट से लगभग 210 किलो कॉपर स्क्रैप वायर एक हुंडई सेंट्रो कार (सीजी 04 ई 9100) में लोड किया था। कॉपर वायर बाहर ले जाते समय सीआईएसएफ जवानों ने पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 136500 रुपए मूल्य का कॉपर स्क्रैप वायर और घटना में इस्तेमाल वाहन जब्त कर लिया। आरोपी संतोष निषाद की निशानदेही पर पुलिस ने गिरोह के सरगना शत्रुघन धनकर (43 वर्ष), निवासी संगम चौक, स्टेशन मरोदा, थाना नेवई, जिला दुर्ग को 6 फरवरी को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।

बीएसपी के प्रशिक्षुओं पर केंद्रित वार्षिक खेल महोत्सव 'जोश-2026' का आगाज

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव 'जोश 2026' का शुभारंभ किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी (एचआरएल एंड डी) संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित खेल महोत्सव का शुभारंभ क्रिकेट मैच के साथ हुआ, जो एचआर एल एंड डी स्टाफ और बीएसपी प्रशिक्षुओं के बीच खेला गया। मुकाबले के दौरान प्रतिभागियों ने टीम भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व आपसी समन्वय का सराहनीय प्रदर्शन किया। 'जोश 2026' के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बैडमिंटन, शतरंज, कैरम व टेबल टेनिस प्रमुख हैं। एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 13 व 14 फरवरी को आयोजित की जाएंगी। खेल महोत्सव को और अधिक समावेशी व सहभागिता पूर्ण बनाने के उद्देश्य से महिला स्टाफ व महिला ट्रेड अप्रेंटिस के मध्य विशेष क्रिकेट मैच आयोजित किया जाएगा।

शिविर में 202 यूनिट रक्तदान

दुर्ग/नवप्रदेश। सेवाभावी तृपेश शर्मा की इकलौती पुत्री तनीषी के 14 वें जन्मदिन के अवसर पर दुर्ग जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। तृपेश शर्मा के परिवारजनों, मित्रों, व्यापारी वर्ग, विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में रूंगटा डेटल कॉलेज, पुलिस लाइन, रक्षित निरीक्षक केन्द्र, परिश्रमी सामाजिक समिति दिशा, छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दुर्ग, चेम्बर ऑफ कामर्स, श्री जलाराम रिसायकल्स दुर्ग, सेव इंडियन फैमली, नव दृष्टि फाउंडेशन, दुर्ग-भिलाई मोबाइल एसोसिएशन व दुर्ग-भिलाई के रक्तदाताओं ने कुल 202 यूनिट रक्तदान किया। बीते वर्षों में 2021 को 110 यूनिट, 2022 में 101 यूनिट, 2023 में 147 यूनिट, 2024 में 213 यूनिट, 2025 में 202 यूनिट और 2026 में 202 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में कुल 269 लोगों ने रक्तदान हेतु पंजीयन कराया, जिसमें 67 अनफिट पाए गए। शिविर में रक्तदाताओं का एचबी व ब्लड ग्रुप टेस्ट भी किया गया।

बीएसपी के युवा प्रबंधकों को दो-दिवसीय प्रशिक्षण, 25 प्रतिभागियों ने लिया भाग

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन और विकास विभाग (एचआर-एलएंडडी), बीएमडीसी में युवा प्रबंधकों के लिए कस्टमर ओरिएंटेशन फॉर यंग मैनेजर्स सीओवायएम) विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा कार्यपालकों में ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, समझ और कार्य-प्रणालियों को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने संवादात्मक चर्चाओं, व्यावहारिक उदाहरणों, अनुभव साझा करने और सीख को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित चिंतन सत्रों और क्विज़ में सक्रिय सहभागिता की। प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची से आई महाप्रबंधक (एचआर एलएंडडी) शबनम शादाब ने ग्राहक मूल्य प्रबंधन और प्रभावी संबंध निर्माण की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए।

परीक्षा पर चर्चा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने का संदेश दिया

विद्यार्थियों के सवालों पर शिक्षा मंत्री ने दिये सहज और प्रेरक उत्तर

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपक नगर में गत दिवस परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रदेश के शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव से परीक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। विधायक ने सरल, सहज और प्रेरणादायक ढंग से विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिये।

कार्यक्रम का आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पर चर्चा वर्चुअल संवाद की श्रृंखला के अंतर्गत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी देशभर के विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा को लेकर व्याप्त तनाव को दूर करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सकारात्मक सोच विकसित करने का कार्य कर रहे हैं।

इसी कड़ी में दुर्ग के दीपक नगर स्थित आत्मानंद स्कूल में प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा वर्चुअल कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है। इसे बोझ नहीं, बल्कि अवसर के रूप में लेना चाहिए। सही योजना, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकता है।

कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे विद्यार्थियों को मंत्री गजेन्द्र यादव ने परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, विषय चयन, पुनरावृत्ति के तरीकों और मानसिक तनाव जैसे विषयों पर संवाद किया। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, तनावमुक्त होकर परीक्षा देने, लक्ष्य पर केंद्रित रहने और स्वयं पर विश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। उनका यह संदेश विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट, पार्षद मनोज सोनी, पूर्व पार्षद विनोद मून, विजय जलकारे, डीईओ अरविंद मिश्रा, प्राचार्य जे मनहरण, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दो निर्माण कार्य के लिए 5 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास कार्य के लिए 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सुरजीडीह में मंच निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपए और ग्राम पंचायत परसदा में (शा.प्राथ.मा.) बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य हेतु 3 लाख की स्वीकृति दी गई है।

व्यंग्य रचना : अब कौन पूछता है भैया...

डॉ किशोर अग्रवाल

किसी योजनाबद्ध पाठ्यक्रम में जब ठीक शिक्षा नहीं ले सके तो चंदूलाल जी इधर उधर डोलते अंत में एक अखबार के संवाददाता बन गए ।बचपन की कुटेवों के कारण वे कविताएं करते, कहानियां लिखते और दीगर अखबारों में छपा भी करते थे ,अतः इस अखबार के संपादक को उनकी इन बदकारियों का पता था ,उन्होंने चंदूलाल को साहित्यिक संवाद वाला पृष्ठ संपादित करने का जिम्मा दे दिया ।

वह शहर की काव्य गोष्ठीयों, चर्चाओं और नाट्यगृह में नियमित जाते और शहर में आगामी इवेंट और हो चुके कांड अखबार में खूबसूरती से छापा करते । नए कवि और लेखक उनसे संपर्क रखने में गौरव की अनुभूति करते थे। धीरे-धीरे वे वरिष्ठ साहित्यकार हो गए और कुर्ते पर खादी ग्राम उद्योग की दो तीन सस्ती जैकेट बदल-बदल कर पहनने लगे। दो तीन भूदानी झोले, बढ़ी हुई दाढ़ी और सस्ती जींस के साथ कोल्हापुरी चप्पलों की भव्य सजावट में वे विद्वान भी दिखने लगे । एक खूबसूरत सुनहरे फ्रेम के चश्मे ने उनका पर्सनेलिटी कल्ट जमा दिया । अखबार में नए ज्वाइन करने वाले लोग उनके लिए कुर्सियां छोड़ देते । उनका लिखा लोग पढ़ने लगे और अखबार में उनका कैरियर जम गया। धीरे-धीरे अखबार भी जमा और जब पूरे शबाब पर था तो अखबार को किसी और मालिक ने अपने अखबार समूह में खरीद कर मूल अखबार में समाहित कर लिया । अखबार को इज्जत देने के लिए वह अपने अखबार पर लिखते भी थे कि इसमें वह पुराना वाला अखबार समाहित है । मानो दलदल में धंस गया है । नए अखबार की नीतियां शुद्ध व्यवसायिक थी । अखबार का मालिक वैश्य था और उसे सिर्फ पैसा पसंद था । वह अखबार के धंधे में भी पैसे को ही महत्व देते थे। चंदूलाल जी तब चौंके जब अखबार के साहित्यिक पृष्ठ का आकार आधा कर उसके आधे में वर्गीकृत विज्ञापन छपने लगे । इनके द्वारा विविध संपर्क से एकत्र सामग्री यूं ही धरी रह जाती और पृष्ठ आधा हो गया । फिर वह दिनों के हिसाब से बंटा। अंततः खबरों के और विज्ञापनों के बीच फंसी इक्का-दुक्का साहित्यिक रचनाएं ही आने लगी। इस अखबार ने कईयों को स्थापित कवि ,लेखक और व्यंग्यकार बनाया था। वे अपनी आवाज यहां लगाते और प्रसिद्धि पाते जाते पर अब यहां उनके लिए जगह न थी। खुद चंदूलाल अपना संपादकीय लिखने को जगह न पाते जब साहित्य समाचार ही जगह नही पाते तो संपादन करने को कुछ था ही नहीं। उन्होंने अखबार के मालिक से इस बारे में बात करने की ठानी।वह उनसे मिले भी। मिलते उन्होंने कहा चंदूलाल जी अब आप अध्यात्म , ज्योतिष और फिटनेस वगैरह के विज्ञापन व समाचार देखा करें। क्यों सर क्या साहित्यकारों के लिए उनके लिखे को अब अखबार जगह न देगा क्या साहित्य अब अपना अर्थ खो रहा है?

देखो साहित्य की साहित्यकार जाने हमें अखबार चलाना है और इसके लिए धन लगता है। तो धन तो अखबार पैदा कर ही रहा है ।समाज के लोगों की रुचि के लिए यह निशुल्क सेवा भी तो दी जाना चाहिए ना?

समाज की आज की जरूरत बाजार के प्रोडक्ट की है। चाहे भविष्यवाणी हो ,मेडिकल फिटनेस हो या बाबा पंडितों के विज्ञापन हों सभी प्रोडक्ट का लाभ पाठकों को चाहिए ।

पर अखबार की नीति साहित्यकारों को शिखर पर पहुंचाने की रही है ।

अगर हम धरातल पर रहेंगे तब शिखर की ओर देखेंगे । बाजार के हाल देख रहे हैं कौन सा अखबार अब यह कथा ,कविता ,व्यंग और बाल साहित्य पर कागज खराब कर रहा है बताएं ?

कम तो हुआ है सर बंद नहीं हुआ।

किसी को तो यह सब बंद करना होगा ना? एक तीन सेंटीमीटर के विज्ञापन के ? पांच हजार मिलते हैं तुम्हारा कवि 10 सेंटीमीटर से कम की कविता नहीं लिखता। एक लेख 5 कॉलम लेता है ,व्यंगकार को भी चार कॉलम चाहिए । तब इनसे अखबार को क्या मिलता है ? घंटा ! बल्कि बाज नामचीन साहित्यकार तो पैसों की भी उम्मीद लगाए बैठे रहते हैं । सर नामी-गिरामी अखबार समाज व साहित्य सेवा के साथ देश की बदहाली को सुधारने की दशा में अपने दायित्व को भी निभाते हैं हम चौथा स्तंभ जो ठहरे। बने रहो चौथे स्तंभ ! स्तंभ को टिकाने के लिए रुपयों का धरातल चाहिए , उसके लिए अखबार का इंच इंच बेचना पड़ता है।

फिर सर अखबार की लोकोपकारी छवि ?

गौरैया को दाना डालने ,पानी पिलाने, पानी बचाने, कवि सम्मेलन कराने व विकलांगों को ट्राई सायकल का वितरण की अपीलें कर पूरा कर लेंगे । सर जिस देश में हैं उसके शोषितों के लिए कुछ करने का नैतिक दायित्व भी तो बनता है , कला संस्कृति के लोगों को प्रोत्साहित भी करना जरूरी है। तो इसके लिए संचालनालय साहित्य एवं संस्कृति विभाग बनाया तो गया है और भी बहुत से शौकीनों ने शोधपीठ खोल रखे हैं । सामाजिक संस्थाएं हैं और सोशल मीडिया भी तो है।÷

पर सर बहुत से स्थापित साहित्यकार पहले अखबार व पत्र-पत्रिकाओं में लिखते रहे , जनता में अखबार बहुत काम करता है । कितने ही साहित्यकार अखबारों में ना होते तो आज होते ही नहीं।

तब उन्होंने बदले में अखबार को क्या दिया ? उन्होंने स्वयं नाम कमाया और स्थापित हो गए। मालिक ने विश्वास कर चाबी सौंप दी तो उन्होंने खुद को प्रमोट कर लिया । उनके सभी चेले चपाटी ही तरक्की कर पाए । तुम्हारा आम लेखक व कवि कोई बढा हो तो बताओ ? यह सारे सम्मान और पुरस्कार भी अखबार के खर्चे पर यह अपनों को ही देते रहे। वह तो सही है सर पर सरकार के कानों तक आम जनता की आवाज भी इन्हीं ने तो पहुंचाई है। भूल जाओ चंदूलाल जी की अब अखबार में सरकार के कान खोलने की ताकत है । कंपटीशन ज्यादा है सोशल मीडिया व न्यूज़ चैनलों से कंपटीशन करने के लिए सरकार से समझौते कर अखबार निकालना पड़ता है।

तब जनता की आवाज का हमारा नारा ?

यही जनता की आवाज है। पहले कवि मंच पर खड़ा होकर सरकार की धज्जियां उड़ाता था , पब्लिक उसके समर्थन में तालियां बजाती थी, सरकार घबराती थी , सरकार इससे अपनी नीतियों का पुनर्विलोकन करती और सुधारती थी । आज सरकार खरीद कर काम करने लगी है । सरकार ने सब कुछ खरीद लिया है । मुफ्त में हरामखोर बनाकर

सुविधाएं बांटकर , जनता भी , अफसर भी ,मीडिया भी । मतलब यहां तक कि विपक्ष को भी।

सर व्यंगकार कहते हैं कि वे शोषण के खिलाफनिरंतर लिखते रहेंगे।

लिखें ! कौन रोक रहा है ,छपाएंगे कहां? खुद की किताब यदि छपवा लें तो बांटेंगे किनको और पढेगा कौन?

ऐसा नहीं है सर इनका बहुत महत्व है । यह बहुत भीतर तक का दर्द निकालकर प्रस्तुत करते हैं। जिससे मानवता की करुणा जागने लगती है । मैंने कब इनकार किया है? देखो चंदूलाल जी पहले साहित्यकार झिंझोड़ता था तो जनता जाग जाती थी, विरोध करती थी ,सरकार घबराती थी ।आज यह सब जानते हैं शोषण भी और भीतर का दर्द भी पर परवाह किसे है? तुम साढ़े चौदह हजार रुपए मासिक में काम करते हो , मुझे पता है कि तुम्हें पांच हजार रुपए तो सिर्फ मकान किराए के देने पड़ते हैं और तुम्हारी पत्नी दो किलोमीटर बच्चे को पैदल चला कर स्कूल छोड़ कर आती है ।तुम कहो कि अखबार तुम्हारा शोषण कर रहा है वेतन नहीं बढ़ा रहा ।अब कौन बढ़ाएगा वेतन ? सब लोग सब कुछ जानते हैं और स्थितियों को यथावत स्वीकार कर चुपचाप बैठे हुए हैं । पहले सरकार शर्मिंदा होती थी तो परवाह भी करती थी तब लिखे का महत्व था। जनता के लिए भी और अखबार के लिए भी। अखबार इस आवाज को सरकार तक पहुंचाता था। अब सरकार अपनी आवाज हमसे जनता तक पहुंचा रही है, भैया अब जाओ कल जो प्रूफरीडिंग का काम दिया था यदि कर लिया हो तो वह लाकर दिखा दो।

नवप्रदेश स्थापना दिवस पर

वर्षा ठाकुर

कलम की नोक से निकले, सच के उजाले,
नवप्रदेश बना जनता के रखवाले।
हर पन्ना बोले, हर शब्द में चेतना,
लोकतंत्र की धड़कन, जनमन की भावना।
घटनाओं की भीड़ में जो राह दिखाए,
अंधेरों में भी उम्मीद के दीप जलाए।
न झुके, न रुके, न सच से किनारा करे,
हर खबर में विश्वास का बीज बोए।
और वो बेबाक कॉलम–
गागर में सागर भरने का हुनर लिए,
कम शब्दों में पूरी तस्वीर गढ़ दिए।
त्वरित घटनाओं पर तीखी, सधी हुई चोट,
व्यंग्य की धार से खोल दे सच का नोट।
हँसते–हँसते सोचने पर मजबूर करे,
अंधी परंपराओं पर सवाल ज़रूर करे।
बेबाकी में भी संतुलन की मर्यादा,
कलम की चोट हो पर न हो दुर्भावना।
नवप्रदेश! तुम्हें नमन, अशेष शुभकामनाएं
सत्य, साहस, संवेदना– तुम्हारी पहचान।
स्थापना दिवस पर यही कामना अपार,
तुम यूँ ही बनो जन–आवाज़ का आधार।

कविता : मेरठ मॉडल ऑफ गवर्नेंस

देश में काम कराने की डिग्री सिस्टम नहीं, दिमाग देता है;
मेरठ में एक महिला ने यह साबित कर दिया !
फाइलों में पड़ा सड़ रहा था ......
सालों से गंदा नाला !
शिकायतें? निवेदन? अर्जी?
कुछ सुनवाई नहीं.......
तो मैडम ने हल निकाला!
112 पर फोन किया ??
''नाले में कोई गिर गया !''
बस फिर क्या था...
नगर निगम दौड़ा ?????
प्रशासन जाग गया! ??
पुलिस अलर्ट ??
10 घंटे का चला रेस्क्यू
और नाला...
इतिहास का सबसे साफ़ नाला बन गया! ?
मतलब जो काम
''अगली मीटिंग में देखेंगे'' पर अटका था,
वो एक कॉल में निपट गया।

डॉ.भावना आरोही

नॉनवेज नहीं खाते कोई बात नहीं, खाना शुरू कर दें यह तीन सीड्स, मिलेगा अंडे के बराबर प्रोटीन

हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट में प्रोटीन का होना बेहद जरूरी है. ज्यादातर लोगों को लगता है कि प्रोटीन के लिए उन्हें चिकन या अंडा खाना होगा लेकिन ऐसा नहीं है. कई वेजिटेरियन फूड्स भी प्रोटीन के बेहतरीन सोर्स होते हैं. आज हम आपको कुछ ऐसे सीड्स के बारे में बताएंगे जो प्रोटीन से भरपूर हैं और इन्हें आप आसानी से अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है. यह अमीनो एसिड से बना होता है जो शरीर की कोशिकाओं और टिश्यूज को बनाने और रिपेयर करने में मदद करता है. प्रोटीन हड्डियों को मजबूत रखता है और जरूरत पड़ने पर शरीर को एनर्जी भी देता है. अक्सर लोग मानते हैं कि प्रोटीन सिर्फ मांस, अंडे या दूध जैसी चीजों से ही मिलता है लेकिन ऐसा नहीं है। हमारे घरों में पाए जाने वाले छोटे-छोटे बीज भी प्रोटीन का बेहतरीन सोर्स होते हैं. इनमें से कुछ बीज इतने प्रोटीन-रिच होते हैं कि उनका प्रोटीन कंटेंट अंडे के बराबर माना जाता है. एक अंडे में लगभग 6 से 7 ग्राम प्रोटीन होता है. आज हम आपको इस खबर में प्रोटीन से भरपूर ऐसे ही कुछ सीड्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप आसानी से अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं.

हेम्प सीड्स यानी भांग के बीज दिखने में भले ही छोटे होते हैं लेकिन ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. सिर्फ 3 चम्मच हेंप सीड्स से लगभग 10 ग्राम प्रोटीन मिलता है. इनमें सभी 9 जरूरी अमीनो एसिड भी पाए जाते हैं, इसलिए इन्हें कम्प्लीट प्रोटीन माना जाता है. इसके अलावा, इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड और मैग्नीशियम भी होता है. हेम्प सीड्स को आप सलाद, सूप, स्मूदी या दलिया पर छिड़ककर आसानी से अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

पंपकिन सीड्स को कद्दू का बीज भी कहा जाता है प्लांट-बेस्ड प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स हैं. 28 ग्राम पंपकिन सीड्स में लगभग 7 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है. इसके अलावा ये मैग्नीशियम और जिंक का भी बेहतर सोर्स हैं. इन्हें आप स्नैक्स की तरह खा सकते हैं या सलाद और सूप में डाल कर भी ले सकते हैं.

सनफ्लावर सीड्स

सनफ्लावर सीड्स, जिन्हें सूरजमुखी के बीज भी कहा जाता है एक हेल्दी स्नैक हैं. 28 ग्राम सनफ्लावर सीड्स में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है. इसके अलावा इनमें विटामिन श्व और मैग्नीशियम भी भरपूर मात्रा में होते हैं जो कोशिकाओं की सुरक्षा करने में मदद करते हैं. इन्हें आप कच्चा या हल्का भूनकर खा सकते हैं। अगल आप भी अपनी डाइट में प्रोटीन बढ़ाना चाहते हैं और मांस या अंडा नहीं खाते हैं तो बिना देर किए इन सीड्स को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बनाना न भूलें।

प्रेम, अभिव्यक्ति और जुड़ाव का उत्सव

उमा मेहता त्रिवेदी

14 फरवरी का दिन फिज़ाओं में एक अलग ही मिठास लेकर आता है। इसे हम 'वैलेंटाइन डे' के रूप में जानते हैं। यह सिर्फ कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि उन अनकहे अहसासों को जुबां देने का एक जरिया है जिन्हें हम साल भर अपने दिल के किसी कोने में सहेज कर रखते हैं।

○ वैलेंटाइन डे का इतिहास तीसरी शताब्दी के रोम से जुड़ा है,जहाँ संत वैलेंटाइन ने प्रेम और करुणा का संदेश दिया था। आज यह दिन वैश्विक स्तर पर 'प्यार के त्योहार' के रूप में मनाया जाता है। हालांकि कुछ लोग इसे केवल जोड़ों (couples) का दिन मानते हैं, लेकिन वास्तव में प्यार की कोई सीमा नहीं होती। यह दिन उस हर व्यक्ति के प्रति आभार जताने का है जो हमारे जीवन में खुशियों के रंग भरता है—चाहे वह जीवनसाथी हो, दोस्त हो, या परिवार इसलिए हमें

○ प्रेम की विरासत और महत्व को समझना बहुत जरूरी है इस दिन की

○ अभिव्यक्ति के खूबसूरत तरीके

○ प्यार जताने के लिए शब्दों से ज्यादा 'भाव' मायने रखते हैं। इस दिन को खास बनाने के कई तरीके हो सकते हैं

○ हाथ से लिखा पत्र जो डिजिटल युग में कागज पर लिखे चंद शब्द सबसे कीमती तोहफा होते हैं इसी तरह यदि हम ?समय का उपहार दे तो और भी अच्छा है क्योंकि आजकल के व्यस्त जीवन में से कुछ पल निकालकर साथ बैठना, पुरानी यादें ताजा करना और एक-दूसरे की सराहना करना सबसे बड़ा उपहार है। गुलाब का एक फूल या पसंदीदा चॉकलेट भी चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए काफी होती है।

○ आज के दौर में वैलेंटाइन डे का महत्व और भी बढ़ गया है इसमें प्रेम के आधुनिक स्वरूप को जानना आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर अपनों को यह बताना भूल जाते हैं कि वे हमारे लिए कितने खास हैं। यह दिन हमें रुकने, सोचने और अपने रिश्तों की नींव को और मजबूत करने का अवसर देता है। प्यार का मतलब केवल उपहारों का लेन-देन नहीं, बल्कि सम्मान, विश्वास और एक-दूसरे का साथ देना है। अर्थात

○ वैलेंटाइन डे हमें याद दिलाता है कि दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा 'प्रेम' है। आइए, इस 14 फरवरी को हम न केवल अपने प्रियजनों को खास महसूस कराएं, बल्कि अपने भीतर भी करुणा और प्रेम की भावना को जगाएं। याद रखें, प्यार साझा करने से बढ़ता है और एक छोटा सा स्नेहपूर्ण व्यवहार किसी का पूरा दिन बदल सकता है।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपका मन अनिर्णय की स्थिति में रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में प्रत्येक कार्य सोच विचार कर करें। नए कार्य का आरम्भ आज करना उचित नहीं।

वृषः आज का दिन भी आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा। घरेलु कार्यो एवं व्यवसाय के बीच आज तालमेल बैठाना परेशानी भरा रहेगा सहकर्मियों से नाराजगी के चलते कार्य पूर्ण तो होंगे परन्तु कुछ ना कुछ त्रुटि बनी रहेगी।

मिथुनः आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आज दिन भर सतर्क रहने की आवश्यकता है। सेहत नरम रहने से स्वभाव मे चिढ़चिढ़ापन आएगो।

कर्कः आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार के प्रति आज अधिक संवेदनशील रहेंगे फिर भी सभी को एक साथ प्रसन्न नही रख पाएंगे। कार्य व्यवसाय में मध्यान के बाद ही संतोषजनक लाभ होगा।

सिंहः आज का दिन आपको मिला जुला फल देने वाला रहेगा। आज आप पुराने कार्यो को विराम दे नए अनुबंध हाथ में लेने के प्रयास करेंगे परंतु इसमें कई व्यवधान आ सकते है प्रयासरत रहें सफलता अवश्य मिलेगी।

कन्याः आज का दिन आप आनंद मनोरंजन में बितायेंगे। पूर्व में किये गए प्रयास आज सफल होने से मानसिक शांति मिलेगी। नए कार्य अनुबंधों की योजना तैयार रखें शीघ्र ही इसपर कार्य आरम्भ करना पड़ेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। पूर्व में किये निवेश का लाभ नहीं मिलने से निराश होंगे। महत्त्वपूर्ण कार्य अधूरे रहने से आर्थिक समस्या खड़ी होगी। प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से कार्य क्षेत्र पर मंदी का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आकस्मिक फायदे कराने वाला रहेगा। आज आप किसी से अधिक व्यवहार करना पसंद नहीं करेंगे इससे कई समस्याओं से भी बचे रहेंगे।

धनुः आज का दिन आप के मन के अनुरूप रहेगा। आज दिखावे आडंबर पर अधिक खर्च करेंगे।

मकरः आज का दिन भाग्योदयकारक रहेगा। व्यवसाय के साथ ही सामाजिक दृष्टिकोण से भी दिन लाभदायी रहेगा। आज आपको प्रत्येक कार्य का शुभफल प्राप्त होगा।

कुंभः आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। दिन के पूर्वार्ध में सेहत में गिरावट आने से बेचैनी बढ़ेगी।

मीनः आज का दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज के दिन आप अपनी वाकपटुता और मीठी वाणी से लाभप्रद व्यापारिक सम्बंध विकसित कर सकेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माउंट धौलागिरी किस देश में स्थित है?

2) खेलो इंडिया पैरा गेम्स (KIPG) 2025 की मेजबानी कौन सा शहर करेगा?

3) किस बैंक को ग्लोबल फाइनेंस द्वारा वर्ल्ड्स बेस्ट कंज़्यूमर बैंक 2025 का पुरस्कार मिला?

4) इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का थीम क्या है?

5) कौन सी गैलेक्सी चपटे गोले जैसी दिखती है?

उत्तरमाला- (1) नेपाल (2) नई दिल्ली (3) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
(4) यूनाइटिंग ओशन्स, वन मैरीटाइम विजन (5) अंडाकार गैलेक्सी

शब्द सामर्थ्य -309

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल

10 साल पहले शुरू हुई सिटी बस, एक महीने भी नहीं चली और हो गई बंद

महासमुंद/नवप्रदेश। साल 2015 में शुरू हुई सिटी बस की सेवा एक महीने भी नही चल पाया और बंद हो गई। जो आज तक शुरू नहीं हो सकी है। जिसकी शुरुआत नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर की थी। और अब बीते एक दशक से नगर के लोग सिटी बस के बाट जोह रहे हैं।

दरअसल कॉलेज विद्यार्थियों ने कई बार आंदोलन और ज्ञापन के जरिए सिटी बस की मांग उठाई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। सिटी बस सेवा बंद होने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कभी ध्यान देना भी जरूरी नहीं समझा। हालात यह है कि शहर से मचेवा कॉलेज तक जाने के लिए ऑटो चालक स्पेशल में 100 रुपए, सवारी में 20-30 रुपए वसूल रहे हैं। पैसे न होने पर विद्यार्थी मजबूरी में करीब 3 किलोमीटर पैदल सफर करने को मजबूर हैं। जबकि यही सफर सिटी बस में 5 से 10 रुपए में हो जाता था। लेकिन, निजी बसों, ऑटो और छोटे वाहनों से लोगों को महंगा सफर करना नियति बन गई है। यदि महासमुंद से बागबाहरा, पिथौरा, फिंगेश्वर, राजिम और आरंग तक सिटी बस सेवा शुरू होती, तो विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम जनता को बड़ी राहत मिलती। मालूम हो कि 20 नवंबर 2015 को स्थानीय नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर सिटी बस संचालन का शुभारंभ किया था। सभी बस में बैठे, सेल्फी ली, फोटो खिंचवाई और यात्रा भी की। हरी झंडी दिखाने के बाद एक महीने में ही बसें गायब हो गई। इन सिटी बसों में से एक कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शुरू की गई जो आज तक सड़क पर दौड़ती नहीं दिखीं।

सिटी बसों की आवश्यकता महसूस हो रही

सिटी बस की आवश्यकता शहर का आकार लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोग तो एक से दूसरे स्थान आने- जाने के लिए निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। पर जिले के ब्लॉक या जिले के बाहर से काम के सिलसिले में आने वाले लोगों को खासी परेशानी हो रही है। ज्यादातर कॉलेज मचेवा में है जहां पहुंचने में विद्यार्थियों को परेशानी होती है। आने वाले समय में मेडिकल की बिल्डिंग तैयार होने के बाद वहां इलाज के लिए आने वाले लोगों को आवाजाही के लिए और भी दिक्कतों का सामना करना होगा। इसके साथ ही आसपास के लिए भी सिटी बस का संचालन अब जरूरी हो गया है।

फरसियां में रासेयो का प्रमाणपत्र परीक्षा आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शाउमा विद्यालय फरसियाँ में सत्र 2025-26 के लिए ए प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू और सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू निर्देशन में आयोजित ए÷प्रमाण पत्र परीक्षा में कक्षा 12 वीं के 51 स्वयंसेवक परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्राचार्य नीरज सोन ने बताया कि रासेयो का आदर्श वाक्य मैं नहीं, तुम लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है।

न्यूज गैलरी

शिव महापुराण कथा में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर आश्रम (बाड़ा) में आयोजित 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू कथा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव व कथा वाचक श्री नारायण महाराज का आशीर्वाद लेकर नगर वासियों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर साहू ने समस्त श्रोता भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिव महापुराण जैसे कथा सुनने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। इस आयोजन से नगर वातावरण शिवमय हो गया है। कथा के चौथे दिन महाराज श्री ने शिव पार्वती विवाह कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने कठिन तपस्या कर महादेव को पति के रूप में प्राप्त किया। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चल रहा है। यह आयोजन 9 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आदर्श ग्राम बिरगुड़ी में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश। नव युवा मंच द्वारा ग्राम बीरगुड़ी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम एव सरपंच अमृत नाग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रमोद कुंजाम ने कहा कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति, अनुशासन, साहस और टीम-भावना का प्रतीक है। यह खेल गाँव-गाँव की मिट्टी से जुड़ा है और युवाओं में आत्मविश्वास, शारीरिक स्फूर्ति तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस अवसर पर नील कुमार सूर्यवंशी,मुकेश कुंजाम , यशवंत मांडवी,राकेश नेताम , रूपेश ध्रुव ,ठाकुर राम कुंजाम ,राजेश कश्यप ,नरेंद्र कश्यप ,दुर्गेश समुंद, दुर्गेश्वरी कश्यप,ज्ञाना यादव,रेखा देव,दुर्गा नाग,विजय नाग, बुधेश नायक , गोवर्धन नाग,गुलाब निषाद , संतोष निषाद सहित खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

बिरगुड़ी में क्रिकेट स्पर्धा का समापन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम बिरगुड़ी में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अ?तिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम थे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम पंचायत बाँधा और ग्राम पंचायत घुड़ावंड की टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया और खेल को रोमांचक बना दिया। कड़े मुकाबले के बाद बाँधा की टीम ने जीत हासिल करते हुए प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि प्रमोद कुंजाम ने कहा खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, मेहनत और टीमवर्क सिखाता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए हारे हुए खिलाड़ियों का भी हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हार से ही जीत की ओर बढ़ने का हौसला मिलता है। हर एक दिन आपको जीत की ओर ले जाता है। आप सभी खिलाड़ी इसी प्रकार मेहनत करते रहें, एक दिन जीत अवश्य मिलेगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, नशे और गलत संगत से दूर रहें और अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

नगरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु आयोजित ÷परीक्षा पे चर्चा÷ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगरी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रधानमंत्री जी के प्रेरक संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना।कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं चर्चा का अवसर महेन्द्र नेताम (अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं जनजाति समाजसेवी) को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन तथा परीक्षा को तनाव नहीं बल्कि अवसर के रूप में लेने की अपील की।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा धर्म नगरी राजिम, श्रद्धा और रोमांच का हुआ अद्भुत संगम

राजिम कुंभ में नागा साधुओं की भव्य पेशवाई भस्म रमाए संतों ने किया शस्त्रों का प्रदर्शन

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान धर्म नगरी राजिम में नागा साधुओं ने भव्य पेशवाई निकाली, जो सनातन परंपरा का साक्षी बना। नागा साधुओं द्वारा भस्म रमाएं, जटा लहराते और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र धारण किए इस जुलुस ने पूरे नगर को हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान कर दिया।

शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद नागा साधुओं की टोली लोमष ऋषि आश्रम से रवाना होकर राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर पहुंची। बैंड-बाजा, डमरू, नगाड़ा और शंखनाद की गूंज के बीच नागा संतों ने अपनी उपस्थिति से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पेशवाई के दौरान नागा साधु विभिन्न स्थानों पर अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक करतब दिखाते नजर आए, जिसे देख श्रद्धालु रोमांचित हो उठे।

दत्तात्रेय मंदिर पहुंचकर नागा साधु-संतों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इसके पश्चात आराध्य देव भगवान दत्तात्रेय को भोग अर्पित कर प्रसादी ग्रहण की गई। मंदिर परिसर में नागा साधुओं द्वारा शस्त्र प्रदर्शन किया गया, जो सनातन धर्म की रक्षा और तपस्वी परंपरा का प्रतीक माना जाता है। अनुष्ठान पश्चात भगवान दत्तात्रेय को भव्य पालकी में विराजित कर पेशवाई यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से निकलकर सुंदरलाल शर्मा चौक, व्हीआईपी मार्ग, राजीवलोचन-कुलेश्वर मार्ग से होते हुए संत समागम परिसर स्थित नागा संतों के पंडाल तक पहुंची। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया। पूरी पेशवाई यात्रा के दौरान नगरवासियों एवं मेला क्षेत्र में आए श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर नागा संतों का स्वागत किया। सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

राजिम नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने और नागा साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया। नागा साधुओं की यह पेशवाई राजिम कुंभ कल्प की आध्यात्मिक गरिमा, सनातन परंपरा और अखाड़ा संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती नजर आई, जिसने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया।

विधायक रोहित साहू ने किया स्वागत

नागा साधुओं की पेशवाई का विधायक रोहित साहू ने आत्मीय स्वागत किया। पेशवाई के मेला क्षेत्र में प्रवेश करते ही विधायक साहू ने नागा साधुओं का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नागा साधु सनातन संस्कृति, तपस्या और त्याग के प्रतीक हैं तथा उनकी उपस्थिति से राजिम कुंभ कल्प की आध्यात्मिक गरिमा और भी बढ़ गई है।

मुख्य मंच पर आज लोक गायिका आरू साहू देंगी शानदार प्रस्तुति

- लोककला की विविध प्रस्तुतियों से सजेगा राजिम कुंभ कल्प मेला

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के सातवें दिन रविवार को लोककला प्रेमियों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भरपूर सौगात रहेगी। मुख्य मंच पर धमतरी के रूपेन्द्र साहू एवं रायपुर की सावित्री कहार द्वारा लोककला मंच की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही शाम 8 बजे मुख्य मंच पर लोक गायिका आरू साहू की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

इसी क्रम में नवीन मेला स्थल स्थित स्थानीय मंच पर विभिन्न जिलों से आए कलाकार अपनी पारंपरिक लोक विधाओं की प्रस्तुति देंगे। धनेश्वरी जैन (पंडवानी), तेजराम बांधे (पंथी नृत्य), गरियाबंद के भावेश (सुवा नृत्य), नवलू राम नेताम (आदिवासी नृत्य), कौंदकेरा के मिलाप बंजारे (सतनाम भजन), बांसकुड़ा, महासमुंद के पुरुषोत्तम यादव (बांस नृत्य), कुसुमबुड़ा के गिरवर ध्रुव (लोककला मंच), लाफिनकला के ऐशकुमार साहू (जगराता), तुलसी बेमेतरा, रोशनलाल सेन (पारंपरिक गीत) एवं फिंगेश्वर के लोकेश साहू (जगराता) अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

वहीं पुराने महोत्सव स्थल स्थित नदी मंच पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। यहां लफन्दी के केजूराम साहू (मानसगान), रावड़ के हेमंत साहू (जगराता), देउरगांव, साजा के गौकरण वर्मा (जसगीत), पंडरीपानी छुरा की धर्मीन साहू (रामायण) तथा झिथरीडूमर के सावन ध्रुव (मानस भजन) द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

मजदूरों को कार्यस्थल पर पहुंचकर बताया जीरामजी की गारंटी का महत्व, रोजगार दिवस भी मनाया गया

छुरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित गांव डागनबाय में तालाब गहरीकरण निर्माण जमुना बाई संतराम के कार्य स्थल पर पहुचकर मजदूरी रोजगार के दौरान प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस ,आवास दिवस, चावल दिवस के रूप में रोजगार सहायक मीरा कंवर के द्वारा प्रतिमाह हितग्राही मजदूरों और ग्रामवासियों के मध्यम मनाया जाता है। इस अवसर पर रुपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ छुरा व उप सरपंच ग्राम पंचायत हरदी एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा ने हितग्राही मजदूरों को जानकारी देते हुए कहा आपके बूथ क्रमांक 151 के अध्यक्ष रामरतन साहू के नेतृत्व में यह चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसमे बताते हुए प्रसन्नता हो रहा है कि भारत सरकार द्वारा नए विधेयक के अनुसार, अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों की जगह 125 दिनो के रोजगार की गारंटी देने का कार्य करेगी जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक काम और आय के अवसर मिल सकेंगे। इसके साथ ही मजदूरी भुगतान में भी अहम बदलाव किया गया है।

दीदियों के बिना स्वस्थ पंचायत की कल्पना अधूरी: सिन्हा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना के मंगल भवन में आयोजित स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। सम्मेलन में मातृ्क्षशिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग की सभापति मधु प्रेम खुटे, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, सरपंच संघ अध्यक्ष लखन पटेल, सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रीतम चतुर्वेदी, अमृत चौधरी, पार्षद राकेश डडसेना, शिव चौधरी, आयुष अग्रवाल, सरपंच मिश्रा दीप, सरोजनी कौशिक एवं संतोषनी ओगरे उपस्थिति रही।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मितानिन दीदियाँ ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की असली रीढ़ हैं। घर-घर जाकर सेवा देना आसान कार्य नहीं है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के योजनाओं की दी गई जानकारी

महासमुंद/नवप्रदेश। पास्टर फैलोशिप एवं क्रिश्चियन फोरम के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय प्रार्थना मंदिर चर्च महासमुंद में शुक्रवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माइनॉरिटी अफेयर्स योजना के तहत माइनॉरिटी एंपावरमेंट एवं अल्पसंख्यक क्रिश्चियन युवक युवतियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के ओर से ईसाई समुदायों के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चलाता है। इनमें प्रमुख है प्रधानमंत्री विकास, छात्रवृत्ति और प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (आधारभूत संरचना) शामिल हैं, जो कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों की सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास, उद्यमिता और नेतृत्व प्रशिक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

खेलकूद स्पर्धा में महिला खिलाड़ियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, प्रतिभा का किया प्रदर्शन

- वॉलीबॉल में बागबाहरा कॉलेज ,रस्साकसी में भानपुर टीम प्रथम

महासमुंद/नवप्रदेश। महिलाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विखं स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन मिनी स्टेडियम सुनसुनिया में 04 फरवरी को किया गया। प्रतियोगिता का संचालन आयोजन प्रभारी कुसुम यादव के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, 100 एवं 400 मीटर दौड़ तथा तवा फेंक जैसी विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच लीला सबर उपस्थित रहीं। साथ ही कमलेश कौशिक, रक्षा साहू, कुंजलता गायकवाड़, निराशा ध्रुव, राधिका ठाकुर, यशोदा देवांगन, सुनीता यादव, सोनबती एवं एकता ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में सिर्फ पहली में ही मिलेगी एडमिशन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत अब निजी स्कूलों में राइट टू एजुकेशन के तहत केवल कक्षा पहली में ही प्रवेश की अनुमति होगी। नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 में आरटीई के तहत प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

राज्य सरकार का दावा है कि यह निर्णय निजी स्कूलों द्वारा आरटीई की धारा 12(1)(ग) के नाम पर किए जा रहे कथित फर्जीवाड़े और सरकारी प्रतिपूर्ति में घोटालों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लिया गया है। यह कदम जहां भ्रष्टाचार पर नकेल कसने वाला माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर गरीब और वंचित परिवारों के छोटे बच्चों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। मालूम हो कि महासमुंद जिले में लगभग 227 निजी स्कूल संचालित हैं, जहां हर वर्ष आरटीई के तहत सैकड़ों गरीब परिवारों के बच्चे नर्सरी और केजी कक्षाओं से पढ़ाई की शुरूआत करते रहे हैं।

राजिम कुंभ कल्प: छठवें दिन छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की भव्य प्रस्तुति, बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

आठ वर्षीय अश्विका के कथक ने राजिम कुंभ कल्प में बटोरी वाहवाही

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प के छठवें दिन नवीन मेला मैदान स्थित विशाल मुख्य मंच पर पंथी, सुवा, कर्मा, गौरी-गौरा एवं राउत नाचा जैसी पारंपरिक विधाओं की शानदार प्रस्तुतियां देखने को मिलीं, जिन्होंने दर्शकों को देर तक मंच से बांधे रखा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मात्र आठ वर्षीय बालिका अश्विका शर्मा (रायपुर) द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्डेड कथक नृत्य रहा। अपनी सधी हुई भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध प्रस्तुति से उसने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया।

इसके पश्चात बिलासपुर के जय जोहार लोककला मंच के हिरेंद्र ठाकुर की टीम ने शानदान कार्यक्रमों की शुरूआत की। कलाकारों ने तुलसी माता की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तुलसी के चौरा म बारे हो दिया तोर नाम.. जैसे भक्तिरस से ओतप्रोत गीत ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद दुर्गा माता की झांकी के माध्यम से नारी सम्मान का सशक्त संदेश दिया गया।

किसानों पर आधारित गीत तोर हाथ न थके न पांव.... की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लोककला मंच द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्वों कृ हरेली तिहार, भोजली गीत, जसगीत कृ पर आधारित मनमोहक गीतों व नृत्यों ने जनमानस को लोकसंस्कृति से जोड़े रखा। मंच पर सुवा नृत्य और राउत नाचा ने दीपावली पर्व की याद दिला दी। कार्यक्रम के अंत में पति-पत्नी की नोकझोंक पर आधारित हास्य गीत आँखी के काजर म.. ओं चूड़ी फीता झांझर म मोर बहरा बेचागे... ने विवाहित दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत

इसके बाद लोककला मंच लोकसंध्या घनश्याम साहू की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। इसके बाद जगमग जगमग हो.. जैसे भक्ति गीतों ने दर्शकों को पुन: भक्ति-रस में डुबो दिया। लोकगीत मोर संग चलो रे..., पता ले जा रे गाड़ी वाला..., बंधत हो तोला दिन-रात धरती मइया जय होये तोर....卐 ने दर्शकों को अस्सी-नब्बे के दशक की मधुर स्मृतियों में पहुंचा दिया। चौरा म गोंदा गीत सुनते ही दर्शक भी कलाकारों के साथ सुर में सुर मिलाते नजर आए।

पेसापोलो स्पर्धा में ठाकुर को मिला ब्रॉन्ज मैडल

महासमुंद। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं के छात्र ठाकुर प्रसाद साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पेसापोलो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मैडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 16 जनवरी को हर्ष इंटरनेशनल स्कूल, जींद में आयोजित हुई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से एकमात्र प्रतिभागी ठाकुर प्रसाद साहू थे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत से राज्य का नाम गौरवान्वित किया। छात्र की इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार में हर्ष है। विद्यालय के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ठाकुर प्रसाद साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पीएमश्री स्कूल कूंरा के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक अनुज, मेधावी बच्चों का किया सम्मान

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। धरसीवां विधानसभा के नगर पंचायत कूंरा स्थित पीएम स्कूल का वार्षिक उत्सव उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस गौरवशाली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। वार्षिकोत्सव के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 'शिक्षा और संस्कार' विषय पर आधारित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए लोक नृत्य, लघु नाटिका और देशभक्ति गीतों ने उपस्थित अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों का मन मोह लिया।विधायक ने वर्षभर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले और खेलकूद में पदक जीतने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहना कर सम्मानित किए।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि ÷आप कल के भारत के निर्माता हैं। पीएम श्री स्कूल आपको वे संसाधन दे रहे हैं जो पहले मुमकिन नहीं थे, अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपनी मेहनत से इस अवसर को एक सुनहरे भविष्य में बदलें।पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्कूलों का कायाकल्प होना हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। अब हमारे ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी आधुनिक तकनीक और उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ शिक्षा प्राप्त हो रही है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।पीएम श्री स्कूल के बच्चों को 'अर्जुन की आँख' की तरह लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आज के डिजिटल युग में ध्यान भटकना आसान है, लेकिन जो अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करेगा, वही नेतृत्व करेगा।कुछ दिनों में आप सभीं के वार्षिक परीक्षा शुरू होने वाले हैं आप परीक्षा को एक बोझ या डर की तरह नहीं, बल्कि एक 'उत्सव' की तरह मनाना चाहिए। यह आपकी साल भर की मेहनत को दिखाने का एक अवसर है।सफलता के लिए खुद पर भरोसा होना सबसे जरूरी है। यदि आप खुद पर विश्वास करते हैं, तो आधी जंग आप वहीं जीत जाते हैं।अपनी तुलना दूसरों से न करें। हर बच्चे की अपनी क्षमता और हुनर होता है।

जीवन दीप समिति की बैठक में भी शामिल

साथ ही विधायक श्रीं शर्मा नें धरसीवां के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में जीवन दीप समिति की बैठक में भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, डॉ. के के वर्मा, योगेश साहू, सहित शाला प्रबंधन समिति से रामेश्वर साहू एवं सदस्यगण, प्राचार्य सुजाता बहल सही समस्त शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक कार्यक्रम में अंत तक उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

राधा-कृष्ण मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ यादव समाज सिहावा क्षेत्र जिला धमतरी के सामाजिक प्रतिनिधि मंडल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव जी से निज निवास मे सौजन्य मुलाकात कर कार्यक्रम के संबंध में सार्थक चर्चा हुई 9 फरवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आसंधि पाने हेतु आमंत्रण स्वीकार किया, इस भव्य प्राण प्रतिष्ठा सम्मान समारोह के कार्यक्रम के अतिथि गण होंगे। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादवअध्यक्षता - मरकाम विधायक (सिहावा विधान सभा क्षेत्र)अति विशिष्ट अतिथि प्रकाश, बैस (जिलाध्यक्ष भाजपा मंडल धमतरी) अति विशिष्ट अतिथि श्रवण मरकाम (पूर्व विधायक सिहावा वि. स. क्षेत्र) रमेश यदू प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यादव समाज छत्तीसगढ़ विशिष्ट अतिथि - बलजीत छाबड़ा (अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी)विशिष्ट अतिथि -ज्योति सोम (सरपंच ग्राम पंचायत ठेनही विशिष्ट अतिथि - जीवन लाल नाग (सरपंच ग्राम पंचायत मेचका)विशिष्ट अतिथि सावित्री मंडावी जीवन लाल नाग (सरपंच ग्राम पंचायत मेचका) सहित ग्राम के प्रमुख सहित जिसमें सिहावा क्षेत्र यादव समाज के अध्यक्ष गोवर्धन यादव सिहावा क्षेत्र व धमतरी जिला युवा प्र. जिलाध्यक्ष डी.के. यादव,सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र अध्यक्ष नन्द यादव उपाध्यक्ष,संतोष यादव सचिव डोमेंद्र यादव भोथली परिक्षेत्र अध्यक्ष अंकालू यादव उपाध्यक्ष नरेश यादव सचिव गजानंद यादव वार्ड तुमड़ीबहार वरिष्ठ सलाहकार जीवन यादव मेचका अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भोथली परिक्षेत्र देवचरण यादव सहित सिहावा क्षेत्र के समाजिक जन आमंत्रण देने हेतु शामिल रहे।

दामाखेड़ा का नाम अब कबीर धर्म नगर दामाखेडा हुआ

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखंड सिमगा स्थित कबीर पंथियो के आस्था का प्रमुख केन्द्र दामाखेड़ा का नाम अब विधिवत कबीर धर्म नगर,दामाखेड़ा हो गया है। इस सम्बन्ध में राज्य शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 फ़रवरी 2024 क़ो दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम समारोह ÷माघी मेला÷ में सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर उन्होंने दामाखेड़ा क़ा नाम कबीर धर्म नगर दामाखेडा करने की घोषणा की थी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में विगत जून माह में मंत्रिपरिषद की बैठक में दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामखेड़ा किये जाने का अनुमोदन किया गया था। कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशाल संत समागम समरोह एवं माघी मेले का आयोजन होता है जिसमें देश -विदेश के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

मोपका महाविद्यालय में हुई अध्यापक-अभिभावक की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। स्वर्गीय रामनाथ शासकीय महाविद्यालय मोपका- निपनिया में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अभिलाषा सैनी के निर्देश में अध्यापक-अभिभावक बैठक रखा गया, इस बैठक में काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अध्यापक-अभिभावक समिति की संयोजक नेहा केरकेट्टा ने सेमेस्टर परीक्षा एवं एन ई.पी. से संबंधित जानकारी अभिभावकों को दी।वरिष्ठ प्राध्यापक एन.के. ध्रुव ने महाविद्यालय से संबंधित अन्य जानकारी अभिभावकों को दी,साथ ही सभी प्राध्यापको ने अभिभावकों को उनके बच्चों का महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों में सहभागिता एवं विषय से संबंधित परीक्षा में प्रदर्शन के बारे में बताया,अभिभावकों ने भी महाविद्यालय के प्राध्यापकों की और महाविद्यालय के अच्छे वातावरण की प्रशंसा की, इस बैठक में सहायक प्राध्यापक रोहित लाल देवांगन, राजा राम धुर्वे,डॉ. प्रियंका पाटले,डॉ. अमित कुमार, युवराज दीक्षित,दुर्योधन निषाद, भारती साहू,रोशनी अग्रवाल सहित अभिभावक एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

शिशु नगरी का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा द्वारा शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती राधिका साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती आरती श्रीवास एवं विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती दुलौरिन साहू एवं प्राचार्य टेकराम वर्मा प्रधानाचार्य श्रीकांत मंडल अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कक्षा अरुण से पंचम तक छोटे भैया बहनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति लोग जीवन 12 शैक्षिक आयाम को झांकियां एवं रंगारंग कार्यक्रम के द्वारा प्रस्तुत किया गया।जिसका उद्देश्य भारतीय मूल्यों को विकसित करना और उन्हें आत्मनिर्भर व संस्कारित नागरिक बनाने का लक्ष्य था। इस कार्यक्रम में 200 भैया-बहिन एवं 70 माताएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे ।

कुरूद केसीए ने जीता राज्य स्तरीय क्रिकेट का खिताब, रायपुर जोरा रही उपविजेता

मेरा लक्ष्य कुरुद के खिलाड़ी खेल पर अपनी एक अलग पहचान बनाए: अजय

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में मेजबान टीम कुरूद केसीए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की, वहीं रायपुर जोरा की टीम उपविजेता रही। ?समापन समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा विजेता टीम केसीए क्लब को 51हजार रुपये नकद और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर रही रायपुर जोरा की टीम को 31 हजार रुपये और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में 5 दिनों तक उत्कृष्ट खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू और नेता प्रतिपक्ष डूमेश साहू शामिल हुए। ?विधायक अजय चन्द्राकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन और एकजुटता सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कुरूद के खेल जगत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए यहाँ के सभी स्टेडियमों का कायाकल्प कर उन्हें आकर्षक और सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है।मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य है कि कुरूद केवल राजनीति या कृषि में ही नहीं, बल्कि खेल के मानचित्र पर भी अपनी एक अलग पहचान बनाए। खिलाड़ी की प्रतिभा सुविधाओं के अभाव में न दबे, इसीलिए हमने क्षेत्र के सभी स्टेडियमों का कायाकल्प करने का बीड़ा उठाया है। ?नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा कि नगर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है।

धुंआधार बल्लेबाजी कर केसीए ने जोरा को 8 विकेट से हराया

फाइनल से पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। ?पहला सेमीफाइनल धमतरी और जोरा के बीच खेला गया, जिसमें जोरा रायपुर ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की और फाइनल का टिकट पक्का किया। दूसरा सेमीफाइनल केसीए कुरुद और रायपुर इलेवन के आमने-सामने होने पर कुरुद के खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। कुरुद ने रायपुर इलेवन को 43 रनों के बड़े अंतर से हराकर खिताबी भिड़ंत में जगह बनाई। ?खिताब के लिए कुरुद और जोरा इलेवन के बीच मैदान पर भिड़ंत हुई। जोरा इलेवन की टीम कुरुद की सधी हुई गेंदबाजी के आगे संघर्ष करती नजर आई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीए कुरुद की टीम ने सधे हुए अंदाज में बल्लेबाजी की और मात्र 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

कर्णेश्वर मेला महोत्सव का हुआ भव्य समापन

■ **ट्रस्ट ने मेला महोत्सव के लिये सभी का आभार माना**

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर मेला महोत्सव का समापन छतीसगढ़ी कार्यक्रम गोल्डन स्टार नाइट राजिम की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर निरंजन सिन्हा थे उन्होंने मेला महोत्सव को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत बताया। इस वर्ष मेला महोत्सव में स्कॉउट गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा मन्दिर परिसर व भोजन शाला में उत्कृष्ट सेवा प्रदान की गई ।नगर पंचायत नगरी पेयजल आपूर्ति व उनके सफाई कर्मचारियों द्वारा मन्दिर परिसर की साफ सफाई की गई।जल संशाधन विभाग द्वारा नदी में पानी भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराया गया। इसी तरह पुलिस प्रशासन ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वैभव रंगारी व टी आई शरद ताम्रकार के नेतृत्व में मेला में चाक चौबंद व्यवस्था रही। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विधुत विभाग, कोटवार, सेवादार मेला व्यवस्था में लगे रहे। जिनका सम्मान ट्रस्ट ने किया। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने मेला महोत्सव के सफल आयोजन के लिये पर्यटन विभाग, स्थानीय प्रशासन, व्यापारियों, सहित विभिन्न पंचायत,उड़ीसा बस्तर सहित अंचल के देवी देवताओं, ट्रस्ट के पदाधिकारियों, ट्रस्टी, सदस्यों,मीडिया का आभार माना।

13 साल के नागा साधु, बने आकर्षण का केंद्र

राजिम/नवप्रदेश। कुंभ कल्प मेला में पेशवाई के दौरान दत्तात्रेय मंदिर में अन्य नागा साधुओं के साथ में एक 13 साल के नागा साधू बैठे हुए थे। जब मीडिया की नजर पड़ी तो उन्होंने उनके पास जाकर पूछा तो उन्होंने बताया कि पिछले 4 साल से नागा साधु बना हुआ हूं मेरी उम्र 13 साल है। अर्थात 9 साल की उम्र में ही साधु संस्कृति की ओर इनका झुकाव हो गया था। आगे बताया कि मेरा मन लगा और साधुओं के सानिध्य में आने के चलते उनके द्वारा दिये गये ज्ञान को आत्मसात किया और सीधे नागा साधु बन गया। शिक्षा दीक्षा के बारे में पूछा तब बताया कि वह संस्कृत पढ़ते हैं। सुबह 3:00 बजे से उठ जाते हैं 4:00 बजे स्नान करने के लिए चले जाते हैं उसके बाद जप, तप, ज्ञान, माला जाप इत्यादि कृत्य में लीन रहते हैं। 9 साल की उम्र में मां-बाप का अपने बच्चों को छोड़ना बहुत मुश्किल होता है ऐसे में इस नन्हे साधु का कहना है कि मेरे माता-पिता साधु संस्कृति से प्रभावित थे, इसलिए उन्होंने रोका नहीं। इसी तरह से यहां साधु संतों के आश्चर्य चकित करने वाले अनेक दृश्य देखे जा रहे हैं एक साधु तो 1100 रुद्राक्ष को अपने सिर पर रखे हुए हैं।

बैठक में वीबी जीरामजी योजना पर कार्यशाला

■ **खल्लारी विधानसभा के ग्राम भुरकोनी में आयोजित की गई कार्यशाला**

पिथौरा /नवप्रदेश। भाजपा ग्रामीण मंडल पिथौरा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी के लिए एक कार्यशाला खल्लारी विधानसभा के ग्राम भुरकोनी में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में पिथौरा ग्रामीण के प्रभारी मनीष बंसल ने संसद से पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पर विस्तृत जानकारी दी। यह योजना मनरेगा का स्थान लेगी और ग्रामीण विकास को गति प्रदान करेगी।योजना के तहत अब 100 दिनों की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे किसानों, मजदूरों और श्रमिकों को अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यशाला में उपस्थित प्रमुख वक्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसानों, मजदूरों एवं श्रमिकों के प्रति प्रतिबद्धता इस योजना से और मजबूत हुई है। वी-बी-जी राम जी योजना को विकसित भारत 2047 के विजन से भी जोड़ा गया है। कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं ने इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है, ताकि वे गांव-गांव जाकर लोगों को इस योजना की सही जानकारी दे सकें और किसी भी प्रकार के भ्रम को दूर कर सकें। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे

रमई पाठ मंदिर में गूंजे मंगलगीत 47 जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

छुरा /नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला गरियाबंद के तत्वावधान में छुरा विकासखंड अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल रमई पाठ मंदिर, सोरीद में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे कुल 47 जोड़ों ने एक साथ सात फेरे लेकर अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। पारंपरिक रीति-रिवाज, वैदिक मंत्रोच्चार और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ यह आयोजन सामाजिक समरसता और सामूहिकता का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।

कुरुद विधायक ने की कार्यक्रम की प्रशंसा, समाजजनों को दी बधाई

कुरूद/नवप्रदेश। आदिवासी समाज की प्राचीन पद्धति ,प्रकृति आधारित दर्शन तथा गोंडी भाषा के संरक्षण संवर्धन के उद्देश्य से कोया पूनेम गोंडी गाथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल होते हुए वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने समाज जनों से भेट कर उन्हें इस आयोजन के लिए बधाई दी। *कुरूद नगर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के आराध्य देव के नवनिर्मित मंदिर में बूढ़ा देव एवं बूढ़ी माई की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित भव्य कलश यात्रा में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर शामिल हुए।श्री चंद्राकर ने भगवान बुढ़ादेव से प्रार्थना है कि क्षेत्र के सभी परिवारों पर अपनी कृपा बनाए रखें और समाज में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का संचार करें।

गोंडी भाषा आदिवासियों का संवाद का माध्यम ही नहीं बल्कि समाज की आत्मा इतिहास और संस्कृति की पहचान है। कोया पूनेम जल, जंगल, जमीन, पहाड़ और समस्त वन्य प्राणियों के साथ समरसता का संदेश के साथ आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सामाजिक चेतना जागृत करना है। खेल मैदान कुरूद में आयोजित छै दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रवाचक तिरु,शंकर शाह इरपाची ने कहा सरई पेड़ के नीचे सरल गागरा रहते हैं, गोण्डवाना को जीवित रखने के लिए कौवा को खाना देते हैं वही लोग गोंडवाना संस्कृति को मानने वाले है बताया । गोंडवाना समाज के सरला गागरा का अर्थ अर्थ विस्तार से बताया।

भटगांव में फाइलेरिया मुक्त जागरुकता अभियान

भटगांव/नवप्रदेश। जिले के नगर पंचायत भटगांव में फायलेरिया मुक्त अभियान के तहत रैली निकालकर लोंगों को जागरूक किया। इस दौरान स्कूली बच्चों व स्वास्थ्यकर्मियों ने साथ मिलकर फाइलेरिया से सम्बंधित जानकारियां लोंगों को दी । ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि फायलेरिया मच्छर के काटने से होता है इस बात की जानकारी आम लोंगों को नहीं है। और इनका लक्षण मच्छर काटने के 10-15 साल बाद दिखने लगता है। हालाँकि इसका कोई ईलाज नहीं है किंतु फायलेरिया की दवा खिलाकर लोंगों को सुरक्षित किया जा सकता है, बचाव किया जा सकता है।

प्रथम पेज का शेष

बस्तर में समाप्त हुआ अविश्वास...

हुआ। भारत सरकार की माओवादी आतंक पर निर्णायक कार्रवाई के परिणामस्वरूप वर्षों से व्याप्त असुरक्षा, भय और अविश्वास का वातावरण अब समाप्त हो रहा है। माओवाद से जुड़े लोग हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं जिससे नागरिकों के जीवन में शांति लौट रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में पहले माओवाद से प्रभावित रहे लोगों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जो लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे हैं, वो सामान्य जीवन जी सकें। उनके लिए अनेक विकास और कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार की 'नियद नेल्लानार योजना' ग्रामीणों के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार के प्रयास और इस क्षेत्र के लोगों के सहयोग के बल पर आज बस्तर में विकास का नया सूर्योदय हो रहा है। गांव-गांव में बिजली, सड़क, पानी की सुविधा उपलब्ध हो रही है। वर्षों से बंद विद्यालय फिर से खुल रहे हैं और बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। यह बहुत ही सुखद तस्वीर है जो सभी देशवासियों में खुशी का संचार कर रहा है।

होम स्टे एक नये प्रकार का पर्यटन: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनने की प्रचुर क्षमता है। यहां के उत्साही लोग और उनकी प्राचीन संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता, जलप्रपात और गुफाएं पर्यटकों को आकर्षित करने में सक्षम हैं। बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से पर्यटक यहां आना जरूर पसंद करेंगे। आजकल दुनियाभर में होम स्टे एक नये प्रकार के पर्यटन के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। मुझे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में अनुकूल कदम उठा रही है।

अमित शाह के दौरे से...

एसएलआर, इंसास जैसे ऑटोमैटिक हथियारों के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी सुरक्षा बलों को सौंपी है।

फोर्स के दबाव में बैकफुट में नक्सली: आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि लगातार बढ़ते सुरक्षाबलों के दबाव, सफल एंटी-नक्सल ऑपरेशनों और राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवादियों ने यह कदम उठाया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली मुख्य रूप से दरभा डिवीजन और ओडिशा राज्य की सीमा क्षेत्र में सक्रिय थे। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी लाभ दिए जाएंगे, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह आत्मसमर्पण बस्तर अंचल में शांति, सुरक्षा और विकास की दिशा में एक और मजबूत संदेश माना जा रहा है। बस्तर पंडुम के उद्घाटन अवसर पर भी राष्ट्रपति ने माओवादियों से सरेंडर कर मुख्य धारा में लौटने और लोकतंत्र पर भरोसा रखने की अपील की है।

शुक्रिया डोनाल्ड ट्रंप, मेक...

कहा, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता हमारे किसानों, उद्यमियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप और मछुआरों को नए अवसर प्रदान करके 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''जैसे-जैसे भारत विकसित भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम ऐसी वैश्विक साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो भविष्य पर आधारित हों, हमारे लोगों को सशक्त बनाएं और साझा समृद्धि में योगदान दें।

बता दें कि इस ट्रेड डील के तहत अमेरिका ने रूस से तेल खरीद के लिए भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा कुल टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है।

राज्यपाल-सीएम ने काफिला...

समूह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मजबूत माध्यम हैं। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि महिलाओं को आजीविका के लिए हर संभव सहयोग दिया जाए.

लोक कलाकारों की पेंटिंग्स देखी-इस दौरान राज्यपाल और सीएम ने जिले के लोक कलाकारों की पेंटिंग्स का भी अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कलाकारों से बातचीत कर उनके रचनात्मक प्रयासों की सराहना की।

विधायक भावना ने किया 8.44 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

पंडरिया/ नवप्रदेश। विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं, विकास कार्यों व अधोसंरचना के निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों और केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार की योजनाओं से निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत व जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

आज ग्राम रैतापारा और कुम्ही में विधायक भावना बोहरा ने 8 करोड़ 44 लाख 37 हजार की लागत से सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन और आंगनबाड़ी भवन व सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। विधायक भावना ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 5 करोड़ 8 लाख 91 हजार रु. की लागत से मेनरोड से रैतापारा तक 7.50 किमी और 3 करोड़ 13 लाख 77 हजार रु. की लागत से रेहुंटा से कुम्ही (पंडरिया) 4.86 किमी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कुम्ही में 11 लाख 69 हजार रु. की लागत से आंगनबाड़ी भवन और 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। सड़क निर्माण से ग्राम पुतकी कला, पलानसरी, रैतापारा, कुम्ही, धोबघट्टी और रेहुंटा सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामवासियों को पक्की व बारहमासी सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विस्तार की सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री

विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में करोड़ों रुपये की लागत से महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवन व मातृत्व व शिशु सुरक्षा और पोषण हेतु अनगनबाड़ी भवन का लोकार्पण भी किया गया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों को बारहमासी सड़क सुविधा प्राप्त होगी, जिससे आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। आंगनबाड़ी व सामुदायिक भवन के निर्माण से बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और ग्रामीण समुदाय के सामाजिक कार्यक्रमों को सशक्त आधार मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि इन सभी विकास कार्यों से पंडरिया व पांडातराई क्षेत्र में ग्रामीण सशक्तिकरण, मजबूत अधोसंरचना और समावेशी विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों को शहरों से जोडने् का सपना साकार हो रहा है, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचेगा। यही डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता और प्राथमिकता है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य निरंतर जारी रहेंगे।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नंदिनी साहू, जिपं सदस्य रामकुमार भट्ट, राजेश्वरी धृतलहरे, जनपद सदस्य सुमन चंद्रवंशी, रानी चंद्रवंशी, रविशंकर चंद्रवंशी, पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीपपुरी गोस्वामी, महामंत्री भागीरथी साहू, सरपंच रूखमणी चंद्रवंशी, शेषनारायण चंद्रवंशी, अर्चना चंद्रवंशी, उत्तर देवी साहू, विद्यानंद चंद्रवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

स्कूल के सामने अवैध तरीके से चल रहा कबाड़ी दुकान, विभाग मौन

टेड़ेसरा, राजनांदगांव/ नवप्रदेश। नव प्रदेश/ विकासखंड राजनांदगांव के अंतर्गत प्राथमिक नवीन शाला के सामने अवैध तरीके से कबाड़ी दुकान का संचालन किया जा रहा है। नवीन शाला से लगभग 200 मीटर की दूरी पर शराब दुकान का संचालन भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शराब दुकान खोली गई है। रोड पर 24 घंटे शराबियों का आना-जाना लगा रहता है। इसके कारण स्कूली बच्चों के मनोबल पर असर पड़ रहा है। दुकानों का संचालन ग्राम पंचायत की सहमति के बिना किया जा रहा है। नवीन प्राथमिक शाला के सामने कबाड़ी दुकान में आसपास की कंपनियों से चोरी किया गया लोहा खपाया जा रहा है। थाना सोमनी को इसकी जानकारी होने के बाद भी कबाड़ी दुकान पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। शाला के सामने कबाड़ी दुकान को हटाने की मांग की गई है।

धान खरीदी का समय बढ़ाने के मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राजपूत ने कहा कि सीएम साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत दी गई। तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिनों का समय दिया गया। 5 व 6 फरवरी को किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में अपना धान विक्रय किया। राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों को असुविधा न होने देने के लिये बारदाना व हमालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

गन्ना विक्रेता किसानों को भुगतान करने 3.45 करोड़ जारी

पण्डरिया/ नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया के पेराई सत्र 2025-26 में किसानों से गन्ना खरीदी के बाद 1073 गन्ना विक्रेता किसानों को 329.05 प्रति क्विंटल के मान से प्रथम किस्त 3.45 करोड़ भुगतान करने राशि जारी की गई है। शेष राशि का भुगतान फण्ड मिलने पर जल्द किया जाएगा।

चलती कार में विद्यार्थी कर रहे स्टंटबाजी, वीडियो वायरल

कवर्धा/ नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो महज कुछ सेकंड का है, लेकिन इसके मायने बहुत गहरे हैं। तेज रफ्तार कार, खिड़की से बाहर झूलते स्कूली विद्यार्थी का यह दृश्य रोमांच नहीं, बल्कि संभावित हादसे की साफ चेतावनी है। दावा किया जा रहा है कि वीडियो में दिख रहे विद्यार्थी होली क्रिंग्डम स्कूल से जुड़े हैं और फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। चलती कार से बाहर लटकते शरीर से सवाल उठ रहे हैं कि क्या नई पीढ़ी को सड़क सुरक्षा का अर्थ समझाया जा रहा है, या हम अनजाने में उन्हें खतरे की ओर धकेल रहे हैं!वीडियो में साफ दिख रहा है कि वाहन तेज गति में चल रहे हैं और विद्यार्थी दरवाजे के खिड़की से बाहर झूलते हुए मस्ती कर रहे हैं। जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे में बदल सकती थी। वीडियो सामने आते ही लोगों में चिंता, नाराजगी और आत्ममंथन के भाव उभरे।

वायरल वीडियो ने खोली लापरवाही की परतें

वायरल फुटेज में यह स्पष्ट नहीं है कि वाहन कौन चला रहा था। अब यह जांच का विषय है कि गाड़ी किसी नाबालिग द्वारा चलाई जा रही थी या वाहन मालिक स्वयं मौजूद था। पुलिस इसी बिंदु पर गहराई से पड़ताल कर रही है। चलती कार से बाहर लटकना अपने आप में बेहद खतरनाक है और यातायात अनुशासन के विपरीत भी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह विद्यार्थियों को जोखिम भरी हरकतों की ओर ले जा रही है।

- पहले भी सामने आ चुकी हैं ऐसी तस्वीरें

पिछले वर्ष भी इसी स्कूल से जुड़ी लापरवाही की तस्वीरें सामने आई थीं। पांडातराई क्षेत्र के एक निजी विद्यालय से भी बीते वर्षों में ऐसा ही वीडियो वायरल हो चुका है। यह किसी एक दिन की चूक नहीं, बल्कि बढ़ती असावधानी का संकेत है, जहां उत्सव और रोमांच के नाम पर अनुशासन पीछे छूट जाता है।

कबीरधाम पुलिस सक्रिय, वाहन मालिक और स्कूल प्रबंधन तलब

मामले पर कबीरधाम पुलिस ने संज्ञान लिया है। डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि वीडियो में नजर आ रही सभी गाड़ियों के मालिकों को बुलाया गया है। संबंधित स्कूल के प्राचार्य को भी थाने में तलब किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जांच की जा रही है कि वाहन कौन चला रहा था। क्या कोई नाबालिग ड्राइविंग कर रहा था या वाहन मालिक की भूमिका क्या रही। पुलिस का कहना है कि वाहन मालिकों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में दिख रहे विद्यार्थियों को उनके परिजनों के साथ बुलाकर समझाइश दी जा रही है, ताकि आगे ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

छत्तीसगढ़ के स्कूल बनते जा रहे हिंसा के अड्डे : विशु अजमानी

■ **कहा - भाजपा सरकार की लापरवाही उजागर**

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में स्कूली बच्चों से जुड़ी हिंसक घटनाओं ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, सामाजिक माहौल और शिक्षा परिसरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूलों को बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की नींव माना जाता है। ये स्कूल अब असुरक्षा और भय के केंद्र बनते नजर आ रहे हैं।

इन घटनाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। अजमानी ने कहा कि राजनांदगांव जिले में एक स्कूली छात्र पर दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला किए जाने की सनसनीखेज घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद अभिभावकों में गहरा आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब बच्चे स्कूल जाते समय और लौटते वक्त भी सुरक्षित नहीं हैं, तो जिम्मेदारी आखिर किसकी है। राजधानी रायपुर के आत्मानंद स्कूल में एक छात्र के पास चाकू मिलने की घटना ने हालात की गंभीरता को उजागर कर दिया है।

सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह विफल

उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर के भीतर इस तरह की घटनाओं से पता चलता है कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है। ये घटनाएं पूरे शिक्षा तंत्र के लिए चेतावनी है। यह केवल स्कूलों में सुरक्षा की कमी का मामला नहीं है बल्कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशे, हिंसा और सरकार की नीतिगत लापरवाही का सीधा परिणाम है। अजमानी ने कहा बच्चों के हाथों में किताबों की जगह हथियार नजर आना बेहद खतरनाक संकेत है। प्रदेश में बच्चों को मिलने वाला सामाजिक और मानसिक वातावरण तेजी से बिगड़ता जा रहा है।

बंजारी घाट के जंगल में तार बिछाकर जंगली सूअर का शिकार

कवर्धा/ नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में भोरमदेव से बंजारी घाट जाने वाले मार्ग पर बैरियर से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में जीआई तार बिछाकर जंगली सूअर के शिकार की आशंका जताई जा रही है। मौके पर झड़े हुए बाल और जमीन पर ताजा खून के धब्बे मिले हैं। इससे संकेत मिल रहे हैं कि करंट से योजनाबद्ध तरीके से शिकार किया गया। शिकार के बाद जानवर को साथ ले जाया गया।

ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि जीआई तार को पेड़ों और झाड़ियों के सहारे इस तरह लगाया गया था कि रास्ते से गुजरते ही जानवर उसकी चपेट में आ जाए। यह तरीका बेहद खतरनाक है, क्योंकि इससे न केवल वन्यजीवों की जान जाती है, बल्कि जंगल से गुजरने वाले आम लोग और पर्यटक भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं।

वन अमले के मुताबिक जिस स्थान पर तार लगाया गया था, वहां आसपास की झाड़ियों में जंगली सूअर के बाल उलझे मिले और जमीन पर खून के ताजा निशान दिखाई दिए। अनुमान लगाया जा रहा है कि जानवर को करंट लगाकर घायल किया गया या मार डाला गया। विशेषज्ञों का कहना है कि करंट आधारित जाल शिकारियों की संगठित गतिविधि की ओर इशारा करता है।भोरमदेव मार्ग

से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक गुजरते हैं। जंगल के भीतर करंट युक्त तार लगना सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर स्थायी निगरानी चौकी और वन सुरक्षा बल की तैनाती की मांग की है।

कवर्धा डीएफओ निखिल अग्रवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया। यदि शिकार की पुष्टि होती है तो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने, संदिग्धों से पूछताछ और जरूरत पडने् पर कैमरा ट्रैप लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887
E-mail-cmonagri84@gmail.com
क्र./2408/न.पं./राजस्व/2025-26
नगरी, दिनांक 21/01/2026
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शंकरलाल देव पिता मानसिंह देव जाति हल्बा निवासी वार्ड क्र. 14 नगर पंचायत नगरी, तह. नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत शहीद गैंदसिंह नायक वार्ड क्र. 14 नगरी प.ह.नं. 23 कृषि भूमि खसरा नंबर 519/6 रकबा 0.01 हेक्टे., पर काबिजदार मानसिंह पिता तीजूराम देव के नाम पुराना मकान मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 14 की मांग संख्या 19 में दर्ज है। आवेदक अपने पिता स्व. मानसिंह देव के निधन उपरांत मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सहमतिनामा एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर निकाय के कर संग्रहण पंजी से उनका नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 20/02/2026 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 21/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।
मोहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

स्वामी करपात्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा जिला मुख्यालय कबीरधाम (कवर्धा) में आयोजित रजत महोत्सव के क्रम में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा में छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण, विद्युत जागरूकता तथा शासन

की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति समझ विकसित करना था। प्रतियोगिताओं में लगभग 40 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला, व्याख्यान, निबंध लेखन एवं स्लोगन लेखन शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं विचारों के माध्यम से ऊर्जा के महत्व, बिजली के सुरक्षित उपयोग तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश दिया।

सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करती हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को विद्युत बचत, डिजिटल सेवाओं के उपयोग तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर ङ्क मुफ्त बिजली योजना जैसी पहलों की जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़)
क्रमांक/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2025-26/M-125 / नारायणपुर, दिनांक 30/01/2026
: : निविदा आमंत्रण सूचना : :
पुलिस अधीक्षक नारायणपुर की ओर से अधिकृत निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से निम्नांकित सामग्री प्रदान करने हेतु मोहर बंद निविदायें स्पीड पोस्ट/डाक से आमंत्रित की जाती है। कोरे भाव पत्रक पुलिस अधीक्षक, कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर/जी.एस.टी. कर, चुकता एवं अधिकृत विक्रेता प्रमाण पत्र सहित) कोरे निविदा प्रपत्र की राशि 0055 पुलिस, 800 अन्य प्राप्तियां के अन्तर्गत चालान के माध्यम से जमा कर कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किये जा सकते है। अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जावेगी।

स.क्र.	क्रय किये जाने वाले सामग्री का विवरण	लागत राशि	अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र मूल्य
01.	Emergency Force Life Saving Medical Kit	18.63 (लाख)	18630/-	750/- (सात सौ पचास रूपये मात्र)

1. निविदा की अंतिम तिथि - 11/02/2026 समय अपरान्ह 4.30 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 13/02/2026 समय अपरान्ह 4.30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 13/02/2026 समय सायं 5.00 बजे तक।
स्थान पुलिस अधीक्षक कार्यालय नारायणपुर।
टीप :-
1. निविदा सम्बधी अन्य सम्पूर्ण जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय में प्राप्त कर सकते है।
पुलिस अधीक्षक,
नारायणपुर
जी- 252606519/4

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई. एस. बी. टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28298 दिनांक 06.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652F0365B जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SHOBHA TAMRAKAR पिता / पति श्री/ श्रीमती CHAMAN LAL TAMRAKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SAROJ DHIWAR पिता /पति श्री/श्रीमती RAJENDRA KUMAR DHIWAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई. एस. बी. टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28340 दिनांक 06.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663C00272 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती KAILASH VISHWAKARMA पिता / पति श्री/ श्रीमती BHUWAN VISHWAKARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DEVKUMAR VISHVAKARMA पिता /पति श्री/श्रीमती KAILASH VISHVAKARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / BATWARANAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई. एस. बी. टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 28339 दिनांक 06.02.2026
वार्ड का नाम- 60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663C0272A जो की निगम अभिलेख श्री KAILASH VISHWAKARMA पिता / पति श्री/ श्रीमती BHUWAN VISHWAKARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KAMLESH VISHVAKARMA पिता /पति श्री/श्रीमती KAILASH VISHVAKARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / BATWARANAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर
फोन नं. 0771-4903223
Email :eocghbzone02@gmail.com
आम-सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत शंकर नगर, रायपुर में स्थित **भवन क्रमांक एल.आई.जी.-46, सेक्टर-02, श्रीमती केशर इजारदार पति श्री पी. एल. इजारदार,** को इस कार्यालय का नामांतरण आदेश क्र.-73 दि. 25.10.1996 के माध्यम से नामांतरित है। वर्तमान में आबंटी **श्रीमती केशर इजारदार पति श्री पी. एल. इजारदार,** की मृत्यु दिनांक 22.06.2024 को हो जाने के कारण उनके पति **श्री परमेश्वर लाल इजारदार पिता स्व. मोतीलाल इजारदार,** निवासी एल.आई.जी.-26, से.-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसानों का सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को उनके पति **श्री परमेश्वर लाल इजारदार पिता स्व. मोतीलाल इजारदार,** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।
अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02,रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक **26.02.2026,** (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत जी.एस.टी. छोड़ कर (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
185134	06/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 05.02.2026	कोनपारा तालाब (दलटोली डैम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य।	291.71	प्रथम आमंत्रण
185135	07/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 05.02.2026	अंकिरा तालाब योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य।	211.78	प्रथम आमंत्रण

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **12.02.2026,** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोटः 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।
3. **निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।**
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)
जी- 252606525/9

बस्तर पण्डुम : राष्ट्रपति के सामने बास्तानार के युवाओं ने 'गौर नृत्य' से बिखेरे अद्भुत लोक-रंग

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार का दिन बस्तर के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब संभाग स्तरीय 'बस्तर पण्डुम' के शुभारंभ अवसर पर देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर की आदिम संस्कृति का सजीव और जीवंत स्वरूप प्रत्यक्ष रूप से देखा। इस गरिमामयी अवसर पर बास्तानार क्षेत्र के आदिवासी युवाओं द्वारा प्रस्तुत विश्व-प्रसिद्ध 'गौर नृत्य' ने पूरे परिसर को ढोल की थाप और घुंघरुओं की झनकार से गुंजायमान कर दिया। राष्ट्रपति ने इस मनोहारी प्रस्तुति का तन्मयता से अवलोकन करते हुए बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को निकट से महसूस किया।

बास्तानार के युवाओं द्वारा प्रस्तुत यह नृत्य केवल एक सांस्कृतिक प्रदर्शन भर नहीं था, बल्कि 'दंडामी माड़िया' (बाइसन हॉर्न माड़िया) जनजाति की परंपराओं, जीवन-दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का एक जीवंत दस्तावेज था। जैसे ही नर्तक दल मंच पर उतरा, उनकी विशिष्ट वेशभूषा ने

उपस्थित जनसमूह का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लिया। पुरुष नर्तकों के सिर पर सजे गौर के सींगों वाले मुकुट, जिन्हें कौड़ियों और मोरपंखों से अलंकृत किया गया था, बस्तर की वन्य संस्कृति तथा गौर पशु के प्रति आदिवासी समाज के गहरे सम्मान और श्रद्धा को प्रतीकात्मक रूप से अभिव्यक्त कर रहे थे। वहीं पारंपरिक साड़ियों और आभूषणों से सुसज्जित महिला नर्तकियों ने जब अपने हाथों में थमी 'तिरूडुडी' (लोहे की छड़ी) को भूमि पर पटकते हुए ताल दी, तो एक अद्भुत, गूंजती और लयबद्ध ध्वनि ने वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नृत्य के दौरान पुरुष नर्तकों ने गले में टंगे भारी 'मांदरी' (ढोल) को बजाते हुए जंगली भैंसे की आक्रामक, चंचल और ऊर्जावान मुद्राओं की प्रभावशाली नकल प्रस्तुत की।

प्राकृतिक परिवेश के प्रत्यक्ष साक्षी बनें

यह दृश्य दर्शकों को ऐसा अनुभव करा रहा था, मानो वे जंगल के सजीव और प्राकृतिक परिवेश के प्रत्यक्ष साक्षी बन गए हों। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में बास्तानार के कलाकारों द्वारा दी गई यह सशक्त और भावपूर्ण प्रस्तुति न केवल बस्तर पण्डुम की भव्य सफलता का प्रतीक बनी, बल्कि इसने बस्तर की लोक-कला, जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक वैभव को राष्ट्रीय पटल पर पुनः प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया।

न्यूज गैलरी

बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, कर्मचारियों का जन्मदिन बना यादगार

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित "प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ" का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं। इसी क्रम में आज एमपीडब्ल्यू मोहन लाल साहू ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 ग्राम भानसोज में जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

सीएम साय के नेतृत्व में सुशासन और अंत्योदय का संकल्प हो रहा सिद्ध: देव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने छत्तीसगढ़ की प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मात्र 10 माह 4 दिनों की अल्पावधि में 5 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण कर देश में सर्वाधिक आवास बनाने का राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करने पर राज्य सरकार को बधाई दी है। श्री देव ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रभावी नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि बताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने औसतन 1600 से अधिक आवास प्रतिदिन बनाकर देश में एक नई मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि योजना के प्रारंभ से अब तक पहली बार छत्तीसगढ़ ने किसी एक वित्तीय वर्ष में इतनी बड़ी संख्या में गरीबों के सिर पर छत सुनिश्चित की है। यह राज्य सरकार की स्पष्ट नीति, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर समर्पित कर्मचारियों की मेहनत का सुखद परिणाम है। श्री देव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में जिलों और जनपदों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए बताया कि बिलासपुर जिले में 29,235 आवास, महासमुंद जिले में 27,224 आवास, बलरामपुर जिले में 27,012 आवास, कोरबा जिले में 26,839 आवास और रायगढ़ जिले में 26,707 आवास बनाए गए, वहीं मस्तूरी, आरंग, डभरा, बिल्हा, पाली और जैजैपुर जैसी जनपद पंचायतों का उल्लेखनीय योगदान भी प्रशंसनीय रहा, जहाँ प्रत्येक ने 7,500 से अधिक आवासों का निर्माण पूरा किया है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष संतोष जैन बने सलाहकार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की सबसे बड़ी व्यापारिक संस्था छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में संगठनात्मक

विस्तार और अनुभवी नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने संस्था के वरिष्ठ एवं कर्मठ सदस्य संतोष जैन (मेसर्स मूलचंद पाली मर्स) को उनकी सक्रियता और अनुभव को देखते हुए "सलाहकार" के गरिमामय पद पर मनोनीत किया है। बता दें कि संतोष जैन वर्तमान में "उपाध्यक्ष" पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। संगठन के प्रति उनके समर्पण और व्यापारिक मुद्दों पर उनकी गहरी समझ को देखते हुए उन्हें पदोन्नत कर सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी सहित समस्त चेम्बर परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। श्री थौरानी ने विश्वास जताया कि वर्ष 2025 से 2028 तक का उनका यह कार्यकाल संस्था के लिए उपलब्धियों से भरा होगा। इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि, " संतोष जैन जी का लंबा अनुभव और व्यापारियों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा चेम्बर को एक नई दिशा प्रदान करेगी। उनके मार्गदर्शन से संगठन और अधिक सशक्त, एकजुट और प्रभावी बनेगा।" इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा, चेम्बर कार्यालय प्रभारी दिलीप इसरानी, उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा, महेंद्र अग्रवाल (सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला) एवं भाटापारा से अमरजीत सिंह सलूजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दसवीं-बारहवीं की परीक्षा शुल्क में वृद्धि वापस ले भाजपा सरकार : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। दसवीं, बारहवीं की परीक्षा शुल्क एवं अन्य 22 मदों की फीस ने दोगुनी वृद्धि को भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी नीति करार देते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा करने वाली भाजपा सरकार ने दसवीं, बारहवीं की परीक्षा शुल्क एवं 22 मदों के फीस में दोगुना वृद्धि कर गरीब एवं एससी, एसटी वर्ग के छात्रों का खर्चा बढ़ा दिया है। महंगाई की मार झेल रही जनता के ऊपर कुठाराघात है। ये फैसला भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी होने का प्रमाण है। इससे गरीब एवं आरक्षित वर्ग के छात्र तनाव में आ गये है। गरीब माता-पिता पर व्यय भार बढ़ गया। कांग्रेस परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि तत्काल वापस लेने की मांग करती है।

जनजातीय परंपराओं और संस्कृति पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का राष्ट्रपति ने किया अवलोकन

बस्तर पंडुम आदिवासी विरासत को संजोने और उसे पूरी दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम: राष्ट्रपति

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर पंडुम के शुभारंभ समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज बस्तर की माटी की सुगंध और आदिम जनजातीय परंपराओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर वहां मौजूद स्थानीय निवासियों और कारीगरों से प्रदर्शित कलाओं एवं उत्पादों की विस्तृत जानकारी ली। राष्ट्रपति मुर्मु ने बस्तर पंडुम को आदिवासी विरासत को संजोने और उसे पूरी दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बताया।

उन्होंने एक-एक कर ढोकरा हस्तशिल्प कला, टेराकोटा, वुड कार्विंग, सीसल कला, बांस कला, लौह शिल्प, जनजातीय वेश-भूषा एवं आभूषण, तुम्बा कला, बस्तर की जनजातीय चित्रकला, स्थानीय व्यंजन तथा लोक चित्रों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। बस्तर पंडुम आयोजन स्थल पर जनजातीय हस्तशिल्प आधारित प्रदर्शनी में ढोकरा कला से निर्मित सामग्रियों का विशेष प्रदर्शन किया गया।

इस हस्तशिल्प में लॉस्ट वैक्स कास्टिंग तकनीक का उपयोग किया जाता है। यह भारत की प्राचीन जनजातीय धातु कला है, जिसमें प्रकृति, देवी-देवताओं और ग्रामीण जीवन की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। ढोकरा की प्रत्येक कृति पूर्णतः हस्तनिर्मित होती है। इसके निर्माण में समाड़ी मिट्टी, मोम वैक्स, तार, पीतल, गरम भट्ठी एवं सफाई मशीन का उपयोग किया जाता है।

स्थानीय टेराकोटा कला को दर्शाती मिट्टी से बनी आकृतियों का भी प्रदर्शन किया गया, जो लोक आस्था, ग्रामीण जीवन और पारंपरिक विश्वासों को सजीव रूप में प्रस्तुत करती हैं। प्रदर्शनी में लकड़ी की नक्काशी कला के माध्यम से सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं की जीवंत अभिव्यक्ति देखने को मिली।

स्टॉल ने राष्ट्रपति का विशेष ध्यान आकर्षित किया

जनजातीय आभूषणों को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल ने राष्ट्रपति का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस स्टॉल में चांदी, मोती, शंख एवं विभिन्न धातुओं से हाथ से बनाए गए जनजातीय आभूषण प्रदर्शित किए गए। ये आभूषण आदिवासी समुदायों की पहचान, सामाजिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। तुम्बा कला के अंतर्गत सूखी लौकी जैसी फली से बनाए गए पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं सजावटी वस्तुएं भी प्रदर्शनी में रखी गई थीं।

राष्ट्रपति का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में राज्यपाल व सीएम ने किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आज बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में गरिमामय आगमन हुआ। वे यहां के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम का शुभारंभ करने पहुंची हैं। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति मुर्मू का राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आत्मीय स्वागत किया। एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और वन मंत्री केदार कश्यप ने राष्ट्रपति का अभिनंदन किया। सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव और महापौर संजय पांडे ने भी राष्ट्रपति का अभिवादन करते हुए स्वागत किया। इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी राष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत किया।

राडा ऑटो एक्सपो में बिके 54 हजार वाहन

■ राडा के पदाधिकारियों ने मनाया जश्न, हुई जमकर आतिशबाजी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में आयोजित रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के राडा ऑटो एक्सपो-26 का गुरुवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री केदार कश्यप के आतिथ्य में भव्य समापन हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट के चलते इस बार रिकॉर्ड 54 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री हुई है। राडा के पदाधिकारियों ने बताया

कि अब तक हुए ऑटो एक्सपो में इस बार सर्वाधिक वाहनों की बिक्री हुई है।

लक्ष्य से भी ज्यादा हासिल करने की खुशी

राडा के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, राडा के उपाध्यक्ष श्री कैलाश खेमानी, राडा के सचिव श्री विवेक अग्रवाल, राडा के कोषाध्यक्ष श्री मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी, फाडा के पूर्व अध्यक्ष श्री मनीष राज सिंघानिया, राडा के पूर्व अध्यक्ष एवं फाडा छत्तीसगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष श्री विवेक गर्ग, फाडा छत्तीसगढ़ चेप्टर के पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, राडा के पूर्व अध्यक्ष जयेश पिथालिया, शशांक शाह का कहना है कि 50 हजार वाहनों की बिक्री का लक्ष्य लेकर चले थे, लेकिन हम न सिर्फ इस लक्ष्य को हासिल किए बल्कि इससे आगे भी बढ़े हैं। हमें इस बात की बेहद खुशी है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के विजेता सम्मानित

■ शासकीय सेवकों के शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए खेल आवश्यक : डी. रविशंकर

रायपुर/नवप्रदेश। एनपीएल : छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं संचालनालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत क्रिकेट एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।उक्त आयोजन में संचालनालय, मंत्रालय, निगम, बोर्ड और आयोग में कार्यरत अधिकारियों एवं

कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजकों ने इंद्रावती भवन स्थित ऑडिटोरियम में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर विजेताओं का सम्मान किया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के सफल आयोजन पर आईएएस अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शासकीय सेवकों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द और टीम भावना को सुदृढ़ करते हैं। खेल गतिविधियाँ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि कार्यक्षमता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं संचालनालयीन शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह पहल सराहनीय है, जो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य के साथ-साथ खेल और सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित करती है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल सभा व पालक सत्र का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन रायपुर की अभिनव पहल ÷प्रोजेक्ट आँगन÷ के अंतर्गत परियोजना आरंग के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल सभा एवं पालक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास के साथ-साथ पालकों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी पालकों को दी गई तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में संतुलित

आहार की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समुदाय को गर्भावस्था के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, सकारात्मक सोच एवं तनाव प्रबंधन के विषय में जागरूक किया गया। विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि मानसिक रूप से स्वस्थ मातृत्व, शिशु के बेहतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना , जननी सुरक्षा योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे पात्र महिलाएं समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला प्रशासन की इस पहल को उपस्थित पालकों एवं समुदायजनों ने सराहना करते हुए इसे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

हेल्थ कैंप का 200 ने उठाया लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। 7 फरवरी, 2026 को केनरा बैंक की सेजबहार शाखा द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. माइक्रो लैब एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया था।

यह शिविर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी श्री एस.के. शुक्ला (क्षेत्रीय प्रबंधक) एवं राहुल वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में आम जनता के लिए विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य

जाँच सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिनमें नेत्र जाँच, दंत चिकित्सा जाँच, ब्लड प्रेशर की जाँच, ब्लड शुगर की जाँच शामिल हैं।

प्रभाव: इस पहल को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 200 से अधिक नागरिकों ने शिविर में प्रदान की गई निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया।

अच्छी पहल : अब व्हाट्स एप पर भेजा जाएगा बिजली बिल, उपभोक्ताओं की सुविधाओं में इजाफा

उपभोक्ता अपना बिल डाउनलोड करके रख सकेंगे हमेशा सुरक्षित

■ एक क्लिक से बिल का तुरंत भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अब उनके व्हाट्स एप नंबर पर बिल भेजा जाएगा। वे इस बिल का पीडीएफ डाउनलोड करके सुरक्षित रख सकेंगे, उसका प्रिंट भी निकाल सकेंगे। इसमें उन्हें एक क्लिक करके बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। यह व्हाट्स एप मैसेज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के आफिसियल वेरीफाइड आईडी से भेजी जाएगी, जिसमें अधिकृत ब्लूटिक लगी रहेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं ऊर्जा सचिव व

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के निर्देशन में पॉवर कंपनी, उपभोक्ताओं की सुविधाओं में लगातार वृद्धि कर रही है। इसी कड़ी में व्हाट्सएप सुविधा शुरु कर दी गई है। प्रदेश में 65 लाख उपभोक्ता हैं, जिसमें से 40 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर कंपनी में रजिस्टर्ड हैं। उनमें से 30 लाख उपभोक्ता व्हाट्सएप उपयोग कर रहे हैं। पॉवर कंपनी इस सुविधा का लाभ लेते हुए उपभोक्ताओं तक व्हाट्सएप के माध्यम से बिजली बिल भेजेगी।

जिन उपभोक्ताओं के व्हाट्सएप नंबर रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें इस सुविधा का लाभ लेने के लिए अपना नंबर रजिस्टर्ड कराना होगा। मोबाइल नंबर रजिस्टर कराने के लिए बिजली उपभोक्ता मोर बिजली एप या टोल फ्री नंबर 1912 पर फोन करके या अपने बिजली ऑफिस से संपर्क कर सकते है।

एसएमएस से भी मिलेगा बिल

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में मीटर रीडिंग के समय उपभोक्ता को घर पर बिल की प्रति प्रदान की जाती है साथ ही एसएमएस से भी बिल की सूचना भेजी जा रही है। अब इसमें एक और बड़ी सुविधा प्रदान की जा रही है। उपभोक्ताओं को रीडिंग दर्ज होने के बाद व्हाट्सएप पर मैसेज पहुंच जाएगा। इसका सीधा फायदा उपभोक्ता को यह होगा कि उन्हें मोबाइल पर पूरा डिटेल बिल पीडीएफके रूप में प्राप्त हो जाएगा। साथ ही उन्हें एक क्लिक पर भुगतान की सुविधा भी प्राप्त हो जाएगी। यह सूचना उन्हें हिन्दी के अलावा छत्तीसगढ़ी व अंग्रेजी में प्राप्त होगी, इसके लिए वे मनपसंद भाषा का चयन मोर बिजली एप में भाषा चयन (लैंग्वेज प्रिफ्रेंस) के विकल्प से कर सकते हैं।

रायपुर जिले में हुई 1996.80 क्विंटल धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश में जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। जिले में आज 45 किसानों से 1 हजार 996.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार अब तक 130776 किसानों से 66 लाख 62 हजार 344.40 क्विंटल की खरीदी हुई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है, जिससे किसानों में धान बेचने को लेकर उत्साह है। दो दिन तक बड़ी संख्या में किसानों ने समितियों में धान बेचा।

IISER कार्यशाला में शिक्षकों ने सीखी खेल-खेल में विज्ञान-गणित अध्यापन की नवीन तकनीक

नगरी/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ की आयुक्त किरण कौशल के मार्गदर्शन, उपसंचालक डी.के. सारस्वत, सहसंचालक मंजूलता साहू एवं एपीसी राजेश सोनकर के निर्देशन तथा एपीसी बसंत कुमार वर्मा के नेतृत्व में 28 से 30 जनवरी 2026 तक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (IISER) पुणे में तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के 100 चयनित शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें धमतरी जिले से पांच शिक्षक सहभागी बने। जिले से विकासखंड नगरी के अंतर्गत श्रीमती सुषमा अडील (माध्यमिक शाला पंडरीपानी माल) एवं मनोज पटेल (माध्यमिक शाला घटुला), विकासखंड धमतरी से हितेश साहू (माध्यमिक शाला साकरा) तथा विकासखंड कुरूद से शकुंतला कंवर एवं राम नारायण साहू शामिल हुए।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित इस कार्यशाला में विज्ञान एवं गणित की अवधारणाओं को दैनिक जीवन की गतिविधियों के माध्यम से सरल एवं रोचक ढंग से समझाने पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उपायों, मौसम परिवर्तन के प्रभावों तथा वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से जीवन को सरल बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान के विभिन्न विषयों को कहानी, प्रयोग एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति से प्रभावी बनाने के अनेक व्यावहारिक सुझाव दिए गए।

शिक्षण कार्यों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी

शिक्षकों ने कहा कि यह कार्यशाला विज्ञान-गणित अध्यापन को प्रभावी एवं रोचक बनाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने राज्य स्तरीय अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित समन्वयकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अवसर से कक्षागत शिक्षण कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

रसायन-विज्ञान पर विस्तृत जानकारी

पूरी कार्यशाला के दौरान अशोक रूपल सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ध्वनि विषय पर प्रोफेसर बापट, पक्षी विज्ञान एवं डार्विन के सिद्धांत पर प्रोफेसर सलीम, दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर अर्बन हजारा तथा रसायन विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर नीरज मैम ने विस्तृत जानकारी दी।

न्यूज गैलरी

होली त्योहार पर राजस्थान झारखंड के लिए भी चले स्पेशल ट्रेन: विमल बाफना

भाटापारा/नवप्रदेश। होली त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विमल बाफना ने मधुबन झारखंड , जैसलमेर राजस्थान के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की है। वही, उन्होंने उदयपुर के लिए भी सीधी ट्रेन सुविधा अविलंब प्रारंभ करने की मांग रेल यात्री हित में की है। रायपुर रेल मंडल के सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य विमल बाफना ने बिलासपुर जोन और रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों को मांग पत्र प्रेषित करते हुए कहा कि जैन समाज का प्रमुख तीर्थ स्थल समवेद शिखर मधुवन रेल्वे स्टेशन है जहां लाखों श्रद्धालु इस प्राचीन पवित्र धार्मिक स्थान का दर्शन करने होली के समय जाते हैं जहां काफी बड़ी संख्या में समाज के लोगों का आना-जाना इस दौरान होता है ऐसे में रायपुर दुर्ग से स्पेशल ट्रेन होली त्यौहार के अवसर पर चलाया जाना जरूरी है। वही उन्होंने बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस को जैसलमेर तक स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाने की मांग करते हुए बताया कि जैन समाज का बहुत बड़ा कार्यक्रम चादर महोत्सव भी मार्च में है जहां छत्तीसगढ़ के अलावा पूरे देश से जैन समाज के लोग काफी संख्या में उक्त कार्यक्रम में शामिल होते है, जिनके लिए सीधी ट्रेन की निहायत ही आवश्यकता है।

कुंभ मेला में दंडी स्वामी करेंगे 13 को सरस्वती यज्ञ, छात्र-छात्रा होंगे शामिल

राजिम/नवप्रदेश। कुंभ कल्प मेला में श्री चक्रमहामेरू पीठाधीश्वर सच्चिदानंद तीर्थ दंडी स्वामी की कुटिया में 13 फरवरी को सुबह 9 बजे से 11:00 बजे तक मां सरस्वती यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित श्रद्धालु भाग लेंगे। इस मौके पर प्रसादी वितरण किया जाएगा। दंडी स्वामी महाराज जी ने बताया कि इस पवित्र यज्ञ का उद्देश्य भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाना तथा समाज, परिवार व राष्ट्र के लिए एक आदर्श नागरिक का निर्माण करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म व नैतिकता का विकास करना है और उनके आत्म-सम्मान को विकसित करना है तथा संस्कृति का परिचय कराना है। यज्ञ के माध्यम से बच्चों को अपने धर्म व संस्कृति का महत्व पता चलता है। स्वामी जी ने बताया कि यज्ञ की तैयारी कर ली गयी है।

रामसागरपारा स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामसागरपारा भाटापारा में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं अश्विनी शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण यदु, रामसागर वार्ड के पार्षद नरेंद्र यदु, एवं शाला विकास समिति के सदस्य नारू सेन शेषनारायण यदु इत्यादि मंचासीन थे। संस्था के प्राचार्य श्रीमती श्री लक्ष्मी यदु द्वारा समस्त अतिथियों एवं पालकों का कार्यक्रम में उपस्थित होने एवं छात्र छात्रों का उत्साह वर्धन करने हेतु अपने उद बोधन में धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ शाला प्रतिवेदन का वाचन किया गया एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण यदु एवं प्राचार्य द्वारा शाला प्रतिवेदन मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष को सौंपा गया। शाला की रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेते हुए मुख्य अतिथि ने छात्रों को बधाई एवं परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने हेतु प्रेरित किया तथा शाला भवन की कमी एवं अन्य आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए शिवरतन शर्मा द्वारा शाला संचालन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।

संपर्क क्रांति से दिल्ली जायेंगे शंकराचार्य निश्चलानंद, भाटापारा स्टेशन में स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। सनातन धर्म के सार्वभौम धर्मगुरू गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज आज शनिवार को दुर्ग निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में रायपुर से दिल्ली जाएंगे। उनके ट्रेन से दिल्ली जाने की खबर से क्षेत्र के लोगों में हर्ष और उनके शिष्यों में बहुत उत्साह है। लोगों का मानना है कि छत्तीसगढ़ का परम सौभाग्य है कि पूरी शंकराचार्य जी का आगमन छत्तीसगढ़ में होते रहता है और उनका आशीर्वाद ही है जिसके कारण आज छत्तीसगढ़ बहुत तीव्र गति से विकास कर रहा है । पुरी के शंकराचार्य सनातन धर्म के प्रतीक मान बिन्दुओं, आदर्श एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए पूरे भारतवर्ष में अपने आदि गुरू शंकराचार्य की तरह भ्रमण कर रहे हैं। वे भारत की अखण्डता, भारत की सीमाओं की रक्षा, गौरक्षा, महिला जागरण, पर्यावरण रक्षा एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के संदर्भ में अपने मौलिक विचारों से जन-जिज्ञासा को शांत कर रहे हैं। देश के बुद्धिजीवी उनके तर्कों एवं विचारों से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ रहे हैं। पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है, जो राष्ट्र को नई दिशा देने में समर्थ होगी।

व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया, समस्याओं को दूर करने दिया आश्वासन

विधायक रोहित साहू ने मीडिया सेंटर का किया औचक निरीक्षण

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला परिसर स्थित मीडिया सेंटर का विशेष रूप से जायजा लिया और वहां की कार्यप्रणाली, समाचार- फोटो संकलन व प्रसारण व्यवस्था सहित पत्रकारों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। विधायक ने मीडिया सेंटर के कार्यों की भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने बैठने की व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बिजली आपूर्ति, कंप्यूटर सुविधा, प्रेस विज्ञप्तियों की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं को लेकर पत्रकारों से फ ीडबैक लिया। पत्रकारों ने मीडिया सेंटर एवं मेला के व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव रखे, जिन्हें विधायक ने गंभीरता से सुना और अव्यवस्था को शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद रास्तों से बेरिकेटिंग हटा दिए गए गए है। साथ ही कुंभ मेला में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और पत्रकारों को निर्बाध रूप से कार्य करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने समय-समय पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने की भी बात कही।

इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी, मीडिया सेंटर के प्रभारी एवं सहयोगियों सहित बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। मीडिया सेंटर के निरीक्षण के बाद विधायक श्री साहू मेला के अन्य क्षेत्रों में पैदल घूमकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र

विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में आयोजन से जुड़ी सटीक, त्वरित और सकारात्मक जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं और उनके लिए बेहतर कार्य व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा पुलिस ने सोमवारी बाजार देवार मोहल्ला क्षेत्र में धारदार हथियार लेकर गाली-गलौच कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार गड़ासा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सोमवारी बाजार देवार मोहल्ला नवापारा में एक व्यक्ति हाथ में लोहे का धारदार गड़ासा लेकर मोहल्ले में गाली-गलौच कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उक्त व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भुवनेश्वर पिता रमेश देवार (28 वर्ष) निवासी सोमवारी बाजार बताया।

आरोपी को मौके पर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी के कब्जे से गड़ासा को जब्त कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर रायपुर न्यायालय भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना गोबरा नवापारा से उपनिरीक्षक अरुण कुमार साहू एवं आरक्षक सनत पाल की विशेष भूमिका रही।

स्वामी कर्पात्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा जिला मुख्यालय कबीरधाम (कवर्धा) में आयोजित रजत महोत्सव के क्रम में स्वामी कर्पात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा में छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण, विद्युत जागरूकता तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति समझ विकसित करना था। प्रतियोगिताओं में लगभग 40 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला, व्याख्यान, निबंध लेखन एवं स्लोगन लेखन शामिल थे।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष बनी नवीन वैष्णव

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के भाजपा की सक्रिय जुझारू एवं मिलनसार भाजपा नेत्री श्रीमती नवीन लीलाधर वैष्णव को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से नगर सहित पूरे आसपास के अंचल में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं उनके समर्थकों द्वारा उन्हे वाट्सअप, मैसेज और फ ोन के माध्यम से बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। सभी लोगों ने उनके उज्जवल राजनितिक भविष्य की कामना करते हुए इसे संगठन के लिए एक सशक्त निर्णय बताया है। आपको बता दें कि नवीन लीलाधर वैष्णव इससे पूर्व लगातार चार बार पार्षद, बलौदाबाजार भाटापारा जिला की दो बार महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला की महामंत्री रहते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान कर चुकी है, उन्होंने महिला सशक्तिकरण केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, बूथ स्तर पर संगठन विस्तार के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई है। इतना ही नहीं पार्टी ने उनकी कार्यशैली, कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद और संगठनात्मक अनुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के कारण पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया है। उनके नेतृत्व से महिला मोर्चा को जिले में नई ऊर्जा और दिशा मिलने की काफी उम्मीद जताई जा रही है। अपनी जिला उपाध्यक्ष की नियुक्ति पर नवीन लीलाधर वैष्णव ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है ।

शिवकुमारी साहू बनी महिला मोर्चा जिला महामंत्री

भटगांव/नवप्रदेश। जिला भाजपा द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में संगठन द्वारा एक अहम पहल की गई है। जहां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव व भाजपा संगठन मंत्री पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति वैजयंती नंदू लहरें के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी साहू को जिला महामंत्री पद की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति को लेकर संगठन में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला महामंत्री की पद पर शिवकुमारी साहू की नियुक्ति से संगठन मे नई ऊर्जा व मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, उनके सामाजिक एवं पंचायत स्तर के अनुभव को संगठनात्मक कार्यों में लाभकारी बताया जा रहा है।

शराब तस्करी एवं बिक्री करने के मामले 6 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। टेमरी नांदघाट से ई रिक्शा में शराब ला रहे 6 लोगो को तरेंगा रोड में भाटापारा शहर आते हुए पकड़ा गया।पकड़ाए आरोपियों से 19,800 कीमत मूल्य का 198 पाव देसी मसाला शराब जब्त कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के अतिरिक्त किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्यवाही शहर पुलिस कर रही है। पिछले कुछ समय से भाटापारा शहर में महिलाओं एवं अवयस्क बालकों के माध्यम से सुनियोजित योजना बनाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब की तस्करी कर, बिक्री करने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा भाटापारा शहर क्षेत्र में हो रही शराब की अवैध तस्करी को रोकने हेतु थाना प्रभारी भाटापारा शहर को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना थाना भाटापारा शहर प्रभारी अमित पटले एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा शहर में अवैध रूप से

सर्वेश्वरी विद्या मंदिर धौराभाटा के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए नपा अध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। माँ सर्वेश्वरी विद्या मंदिर धौराभाटा के वार्षिकोत्सव में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों—गीत, नृत्य, नाट्य एवं विविध सृजनात्मक प्रस्तुतियों—ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि माँ सर्वेश्वरी विद्या मंदिर में आज बच्चों की प्रतिभा और संस्कार युक्त प्रस्तुतियाँ देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। यह विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के निर्माण का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। माँ सर्वेश्वरी समूह द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। ऐसे संस्थान ही भविष्य के सशक्त, संस्कारित और जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करते हैं।

मनमोहक प्रस्तुति: लोकमहक खल्लारी की प्रस्तुति पर थिरके दर्शक, नवलगोल बंधी राम-राम समधी ने किया मंत्रमुग्ध

राजिम कुंभ कल्प में छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति का उत्सव

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प के पांचवें दिन मुख्य मंच पर लोकमहक खल्लारी की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया। विभिन्न पारंपरिक परिधानों और नृत्य शैलियों के साथ कलाकारों ने ऐसा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कि दर्शक अपनी सीटों पर बैठे-बैठे झूमने मजबूर हो गए।

लोककला मंच की शुरुआत गणेश वंदना गाईये गणपति गज वंदन... से हुई। विघ्नहर्ता की वंदना सुनकर दर्शक भी भावविभोर होकर गणपति का स्मरण करने लगे। मां शारदे की आराधना में प्रस्तुत गीत तै नाचत आवे न...ने मंच को भक्ति रस से भर दिया। देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत जन गण मन अधिनायक... जय बोलो भारत माता ने कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई दी। इसके बाद प्रेम और लोकजीवन से जुड़े गीत बड़े बिहनियां कौंवा करे कौव...और तोर गुरतुर बोली मोर मन ल मोही डारे...और कर्मा नृत्य की प्रस्तुति में कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधानों के साथ-चाहे तै मन ल तोड़ ले, चाहे तै दिल ल तोड़ ले...गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देख दर्शक खुद को झूमने से रोक नहीं पाए।

कार्यक्रम का सबसे रोचक गीत नवलगोल बंधी राम-राम समधी...गीत की प्रस्तुति हुई। इस नोक-झोंक भरे गीत ने एक ओर दर्शकों को गुदगुदाया तो दूसरी ओर रिश्तों की मिठास और सामाजिक संदेश भी दिया। हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज सेन ने किया। कलाकारों का सम्मान राजिम विधायक रोहित साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता भेंटकर किया।

मातृ सम्मेलन सह वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न

नगरी/नवप्रदेश । धमतरी जिले के ग्राम उमरगांव में अंगिरा ऋषि शिक्षण समिति घठुला एवं संयोजन समिति उमरगांव द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उमरगांव में शुक्रवार 6 फरवरी को मातृ सम्मेलन सह वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागचंद बिसेन संचालक, रहे, जबकि अध्यक्षता देवेन्द्र सेन ने की। विशेष अतिथि के रूप में क्षमा साहू, अंजना ध्रुव, कुसलाल चतुर , दिलीप सोम, मोतीलाल दिवाकर, अंगेश हिरवानी पेमेन्द्र पटेल , लालसिंह साहू सरस्वती शिशु मंदिर, सीताराम साहू , सुभाषिनी मरकाम, हुलसी ध्रुव, कोमल यादव, शोभित उपस्थित थे।

नवप्रदेश के 15 साल बेमिसाल: निष्पक्ष पत्रकारिता, जन-विश्वास और सामाजिक सरोकारों की लंबी यात्रा का जश्न



दैनिक नवप्रदेश के 15वें स्थापना दिवस पर कॉर्टून वॉच के संपादक त्रयंबक शर्मा ने इस तरह शुभकामनाएं दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com